हरिभूमि

रायपुर भूमि



## सुरक्षा के लिए प्लान बनाकर भेजा

पीडब्लूडी के चीफ इंजीनियर ज्ञानेश्वर कश्यप के मुताबिक एक्सप्रेस वे में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा दीवाल खड़ी करने की योजना है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के अफसरों ने सर्वे कर एक प्लान तैयार किया है। इस पूरे मार्ग के दोनों तरफ लोहे की ग्रिल की जगह मजबूत कंक्रीट की दीवाल खड़ी करने की योजना है। अफसरों के अनुसार सुरक्षा दीवाल खड़ी करने तथा अन्य कार्य करने 17 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। योजना बनाकर शासन के पास एप्रूवल के लिए भेजा गया है।

# एक्सप्रेस वे.... हर 200 मीटर पर अवैध एंट्री, हादसा रोकने और सुरक्षा के लिए अब 17 करोड़ का प्लान

- सुरक्षा के लिए लगाए गए ज्यादातर जगहों की ग्रिल काटकर ले गए चोर
- मेंटेंनेस की जिम्मेदारी मिलने के बाद पीडब्लूडी के अफसरों ने इस पूरे मार्ग का किया सर्वे

### कालोनाइजर का प्रवेश द्वार एक्सप्रेस वे पर

एक्सप्रेस वे पर आम लोग अपनी सुविधानुसार जहां आने-जाने के लिए रास्ता बना रहे हैं। वहीं अमलीडीह सहित एक्सप्रेस वे से सटकर कई नई कालोनी विकसित हो रही हैं। विकसित होने वाली नई कालोनी के कालोनाइजर अफसरों के साथ साठ-गांठ कर ले आउट के विपरीत एक्सप्रेस वे पर प्रवेश द्वार बना रहे हैं, जहां सर्विस रोड तक नहीं है, ऐसी जगहों पर प्रवेश द्वार खड़े हो रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन से माना एयरपोर्ट को जोड़ने के उद्देश्य से बनाए गए अटल एक्सप्रेस वे में हर दो सौ मीटर में अवैध एंट्री है। इसके कारण इस मार्ग पर गंभीर दुर्घटना होने की आशंका के साथ एक्सप्रेस वे में निर्बाध आवाजाही पर ब्रेक लग रहा है। इस मार्ग से सटे कई कालोनाइजरों के साथ निजी संस्थानों ने एक्सप्रेस वे में सीधे आने-जाने के लिए अपने लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार कर लिए हैं। गौरतलब है कि एक्सप्रेस वे मेंटेनेंस पूर्व में छत्तीसगढ़ रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन संभाल रहा था। इसके बाद एक्सप्रेस वे का मेंटेनेंस के साथ देख रेख की जिम्मेजारी ▶▶|शेष पेज 13 पर



### सबसे ज्यादा अव्यवस्था माना से अमलीडीह तक

हरिभूमि की टीम मौके का मुआयना करने पहुंची, तो टीम ने पाया कि एक्सप्रेस में सीधे आने-जाने के लिए रास्ता निकालने का काम माना से लेकर अमलीडीह के बीच किया गया है। माना से अमलीडीह मार्ग की चौड़ाई तेलीबांधा से शंकर नगर, रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग से अपेक्षाकृत कम है। ऐसे में एक्सप्रेस वे में आने-जाने अलग से रास्ता बनाए जाने की स्थिति में एक्सीडेंट की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

**अतिशीघ्र आवश्यकता है**

सिक्योरिटी सुपरवाइजर (10 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35

सिक्योरिटी गार्ड (पुरुष : 50 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35

होम केयरटेकर (महिला : 20 पद) उम्र-20 से 35 वर्ष,

फायरमैन कद-5'.6", उम्र-20 से 35

अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस कद-5'.6", उम्र-20 से 35

भर्ती दिनांक :- 21 व 22 सितंबर 2024

(कार्यस्थल:-सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में निजी कारखाना एवं अस्पताल)

पताः-फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल. सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ मो.: 76972 12782

## खबर संक्षेप

### दो अलग-अलग मामलों में 11 किलो गांजा जब्त

**रायपुर।** गोलबाजार तथा पंडरी पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों के कब्जे से एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 11 किलो गांजा जब्त किया है। गोलबाजार, डीकेएस अस्पताल के पीछे उत्तरप्रदेश, चित्रकूट निवासी सुमित सिंह के कब्जे से आठ किलो गांजा जब्ती की गई है। सुमित ओडिशा, खरियार रोड से गांजा तस्करी कर लाया था। इसी तरह से एक अन्य मामले में पंडरी पुलिस ने मोवा ओवरब्रिज के नीचे महाराष्ट्र, अकोला निवासी रविंद्र पासवान के कब्जे से तीन किलो गांजा जब्त किया है।

### पटाखा फोड़ने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** आरंग थाना में एक युवक ने चार लड़कों के खिलाफ पटाखा फोड़ने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पंकज कुमार सिदार ने देवा, सूर्या, सत्यम यादव तथा ओम आहूजा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पंकज ने पुलिस को बताया है कि गणेश विसर्जन जुलूस में चारों लड़के भीड़ में पटाखा जलाकर फेंक रहे थे। भीड़ में पटाखा जलाकर फेंकने से मना करने पर देवा तथा उसके साथियों ने पंकज के साथ मारपीट की।

### गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक युवक ने अपनी बहन के पति, देवर तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहम्मद अकबर ने फैजल, सलमान, शदाब मिर्जा तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अकबर ने पुलिस को बताया है कि उसकी बहन ने तीन साल पूर्व लव मैरिज की है। इसके चलते उसकी अपनी बहन के साथ बातचीत नहीं है। बुधवार को एक शादी समारोह में फैसल ने अकबर के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर फैसल तथा अन्य ने अकबर तथा बीच बचाव करने आए मामा के साथ मारपीट की।

### शराब खरीदने गए युवक के साथ मारपीट

**रायपुर।** धरसींवा थाना में एक युवक ने शराब दुकान के कर्मचारियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फैक्ट्री में काम करने वाला पेशे से मजदूर सूरज साहू ने कुंरा देशी शराब दुकान के कर्मचारियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सूरज ने पुलिस को बताया है कि वह बुधवार रात साढ़े नौ बजे शराब दुकान में शराब खरीदने के लिए गया था। इस दौरान शराब दुकान के कर्मियों ने दुकान बंद होने का समय बताकर सूरज के साथ विवाद कर मारपीट की।

रेलवे नियमों का ट्रेनों के पेंट्रीकार में नहीं हो रहा पालन

# बैन के बाद भी पेंट्रीकार में चोरी छिपे पक रहा भोजन, राजधानी एक्सप्रेस में जलता मिला चूल्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे ट्रेन में खाने को लेकर यात्रियों की शिकायत कम करने बेस किचन तैयार कर रहा है, लेकिन दूसरी ओर प्रतिबंध के बाद भी पेंट्रीकार में यात्रियों के लिए खाना बनाया जा रहा है, जो पूरी तरह से रेलवे मानदंडों के अनुसार निषिद्ध है। ट्रेनों में पूरा खेल चोरी छिपे चल रहा है। यह लापरवाही सोमवार को बिलासपुर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में उजागर हुई। जोनल स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर खड़ी इस ट्रेन की शिकायत मिलने पर डिप्टी एसएस कमर्शियल ने जांच की, तो पेंट्रीकार के अंदर तीन से चार चूल्हे जल रहे थे। एक में सब्जी तो दूसरे में चावल और एक अन्य दाल बनाई जा रही थी। इस पर उन्होंने पेंट्रीकार मैनेजर को तलब किया और उनसे पूछताछ की। इस पर उन्होंने कहा कि यह खाना पेंट्रीकार स्टाफ के लिए बन रहा है। इस पर डिप्टी एसएस ने कहा कि यात्री हो या कर्मचारी, किसी के लिए ट्रेन में खाना नहीं पकाना है। यह नियमों का उल्लंघन है। अब इस मामले की रिपोर्ट तैयार कर रेलवे के उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। रेल मंडल से प्रकरण आईआरसीटीसी के पास पहुंचेगा। कई लंबी दूरी की ट्रेनों के पेंट्रीकार में खाना तैयार करने की शिकायत है। मंडल में लंबे समय से जांच और कार्रवाई नहीं हुई है।

## यात्रियों के लिए ट्रेन में ही बन रहा खाना



### नियमित जांच नहीं होने से लापरवाही

इस ट्रेन के पेंट्रीकार में पहली बार खाना पकाया जा रहा था, ऐसा नहीं है। कई दिन से इसी तरह की लापरवाही हो रही थी। इसके लिए कहीं न कहीं रेलवे व आईआरसीटीसी दोनों जिम्मेदार हैं। राजधानी एक्सप्रेस या जोनल स्टेशन से गुजरने वाली दूसरी ट्रेनों की नियमित जांच नहीं होती। नियमित जांच नहीं होने के कारण ही ▶▶|शेष पेज 13 पर

### बेस किचन से ही चढ़ेगा पेंट्रीकार में खाना

ट्रेन की पेंट्रीकार में खाना या नाश्ता पकाने पर रेलवे बोर्ड ने लगा रखा प्रतिबंध है। इसके साथ ही आदेश है कि पेंट्रीकार में खाना बेस किचन से ही चढ़ेगा। बेस किचन एक सेंट्रलाइज्ड सीसीटीवी युक्त किचन यूनिट है। इसके अंतर्गत आईआरसीटीसी द्वारा खाना पकाने और पैकिंग की सुविधा होती है, जहां से भोजन तैयार किया जाता है और ट्रेनों में आपूर्ति की जाती है। पेंट्रीकार में केवल उसे गर्म रखने और सर्विस देने की सुविधा का प्रवधान है। सख्ती के बावजूद राजधानी एक्सप्रेस में नियमों का उल्लंघन हो रहा था। इस टेंडर के पेंट्रीकार का ठेका दीपक एंड कंपनी को दिया गया है। शिकायत मिलने पर डिप्टी एसएस कमर्शियल एफआर पटेल ने पेंट्रीकार में दबिश दी। इस पर मैनेजर ने कहा कि दोबारा इस तरह की लापरवाही नहीं होगी। रेलवे इस मामले में कार्रवाई की अनुशंसा के लिए रिपोर्ट आईआरसीटीसी को भेजेगा।

# 42 घंटे में 7 हजार से अधिक छोटी व बड़ी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- घरों व पंडालों में स्थापित बप्पा की प्रतिमा विसर्जन करने देर शाम तक पहुंचते रहे श्रद्धालु
- आतिशबाजी और बाजे-गाजे के साथ गूंजते रहे जयकारे
- तीन पाली में अधिकारियों व कर्मचारियों डयूटी

राजधानी में तीसरे दिन भी मंगलमूर्ति की सुंदर प्रतिमाओं को सम्मान के साथ विसर्जन स्थल तक विदाई देने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। 42 घंटे में 7 हजार से अधिक छोटी व बड़े आकार वाली गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन उत्साह के साथ किया गया। महादेवघाट के समीप विसर्जन कुंड स्थल पर बप्पा के भक्त घरों व पंडालों में स्थापित प्रतिमाओं को लाकर पूजा-अर्चना व आरती के बाद विदाई देते नजर आए।

17 सितंबर को सुबह 6 बजे से शुरू हुआ गणपति प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला गुरुवार को देर शाम तक जारी रहा। 42 घंटे में विसर्जन कुंड में श्रद्धालुओं द्वारा 5908 छोटी, 1210 बड़ी मूर्तियों का विसर्जन किया गया। विसर्जन कुंड स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर निगम की ओर से संस्कृत महाविद्यालय के 11 पंडितों की व्यवस्था की गई है। वे गणपति प्रतिमा के विसर्जन से पूर्व पूजा अर्चना और आरती के बाद पूजन सामग्री को अलग से रखवाने की व्यवस्था में सहभागी बने हैं। छोटी बड़ी प्रतिमाओं का सुरक्षित रूप से विसर्जन कुंड में विसर्जन के लिए 7 क्रेन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही 30-30 गोताखोरों को गणेश प्रतिमा विसर्जन कार्य में लगाया गया है। 17 से 23 सितंबर तक 8-8 घंटे तीन पालियों में नगर निगम के अधिकारियों की जोनवार डयूटी लगाई गई है।

# उज्ज्वला के आवंटन पर ब्रेक इसलिए आवेदन भी डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन के आवंटन पर पिछले करीब डेढ़ वर्ष से ब्रेक लगा हुआ है। इसके कारण गैस एजेंसियों के पास आवेदन भी डंप पड़े हुए हैं। हालांकि इस योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में लिए गए कनेक्शनधारी नियमित रूप से रीफिलिंग करा रहे हैं, जिससे उन्हें योजना अंतर्गत मिलने वाली सब्सिडी का लाभ भी मिल रहा है, लेकिन ग्रामीण अंचलों में रीफिलिंग कराने का प्रतिशत कम है। खासकर ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जहां गैस रीफिलिंग की व्यवस्था ही नहीं है। लोगों को इसके लिए लंबा सफर तय कर दूसरे गांव या शहर जाना पड़ता है। रायपुर जिले में भी ऐसे कुछ ग्रामीण क्षेत्र है, जहां उज्ज्वला योजना के तहत घरों में गैस कनेक्शन तो लिए गए हैं, लेकिन रीफिलिंग कई महीनों बाद कराते हैं। इन गावों के लोग गैस सिलेंडर से ज्यादा चूल्हे का ही उपयोग करते हैं।

उज्जवला योजना के पहले चरण में देशभर में 10 करोड़ 33 लाख 44 हजार 565 कनेक्शन बांटे गए थे, वहीं दूसरे चरण में उज्जवला 2.0 के अंतर्गत 2 करोड़ 34 लाख 87 हजार 936 कनेक्शन दिए गए हैं। इन दोनों योजना के तहत छत्तीसगढ़ में भी करीब 35 लाख कनेक्शन दिए गए हैं, वहीं रायपुर जिले में करीब ढाई से तीन लाख कनेक्शन बांटे गए हैं। हालांकि इसके बाद भी जिलेभर के गैस एजेंसियों में एक लाख के करीब आवेदन डंप पड़े हुए हैं। इस संबंध में खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उज्वला योजना के तहत आवंटन जारी नहीं हुआ है। आवंटन जारी होते ही आवेदन करने वालों को कनेक्शन मिलना शुरू हो जाएगा। इस मामले में इंडियन ऑइल कार्पोरेशन छत्तीसगढ़ के जोन अफसर का कहना है कि उज्जवला योजना के तहत कनेक्शन देशभर में बंद है इसलिए नए कनेक्शन फिलहाल दिए नहीं जा रहे हैं।




### आवंटन होते ही मिलेंगे नए कनेक्शन

गैस एजेंसियों के माध्यम से केवाइसी का काम पूरा हो चुका है। आवंटन होते ही उज्जवला योजना के तहत आवेदन करने वालों को नया कनेक्शन मिलना शुरू हो जाएगा।

\- **भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य अधिकारी रायपुर

### योजना फिलहाल बंद है

उज्जवला योजना फिलहाल बंद है। नया आवंटन होने के बाद ही नए कनेक्शन दिए जाएंगे।

\- **प्रवीण कुमार,** जोन अफसर छत्तीसगढ़ इंडियन ऑइल कार्पोरेशन लिमिटेड

# कार रिवर्स करने के विवाद पर मारपीट, मेयर का भतीजा गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की, रिपोर्ट दर्ज होने के बाद शोएब पुन: धमकाने पहुंचा

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड स्थित एक क्लब की पार्किंग में बुधवार देर रात एक युवक से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने मेयर का भतीजा तथा शराब घोटाले का आरोपी अनवर ढेबर के बेटे शोएब ढेबर को गिरफ्तार किया है। शोएब के खिलाफ पुलिस ने मारपीट करने के मामले में जमानतीय धाराओं के तहत अपराध दर्ज करने के साथ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। शोएब को एसडीएम कोर्ट ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत जेल भेजने का फैसला सुनाया है।

पुलिस के मुताबिक शोएब के खिलाफ पेशे से ट्रांसपोर्टर तथा ट्रेडिंग का कारोबार करने वाले अब्दुल मोबिन ने मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अब्दुल ने पुलिस को बताया है कि घटना ▶▶|शेष पेज 13 पर

# उपस्थिति दिखाने अतिरिक्त कक्षाएं लेते थका रविवि छात्रों संग पालकों को खत, नहीं आए तो प्रवेश निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि छात्रों की उपस्थिति को लेकर सख्त हो गया है। इस बार ना केवल छात्रों के लिए बल्कि पालकों के लिए भी अधिसूचना जारी करते हुए कक्षाओं में मौजूद रहने कहा गया है। मामला लॉ डिपार्टमेंट का है। यहां स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की कक्षाएं जुलाई माह से प्रारंभ हो चुकी है। दो माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी कई छात्र ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक एक भी दिन कक्षा में अपनी हाजिरी नहीं लगाई है। इन छात्रों को सितंबर माह में भी सूचना देते हुए कक्षा में उपस्थित रहने कहा गया था, लेकिन विद्यार्थियों द्वारा कक्षाओं में हाजिरी नहीं लगाने के बाद बड़े पैमाने पर सूचना दी गई है।

विधि विभाग द्वारा छात्रों के साथ ही उनके पालकों को भी सूचना दी गई है। इसके अतिरिक्त रविवि ने अपने वेबसाइट पर भी जानकारी अपलोड करते हुए कहा है कि यदि किसी विद्यार्थी की उपस्थिति शून्य रहती है तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा। रविवि यूटीडी में विधि विभाग के अंतर्गत बीएएलएलबी और एलएलएम कक्षाओं का संचालन होता है। इसमें क्रमशः 60 और 55 सीटें हैं।

## मामला विधि विभाग का, पहले भी जारी की जा चुकी है अधिसूचना



- बीते सत्र में उपस्थिति कम रहने पर अतिरिक्त कक्षाएं लेकर पूरा किया गया था उपस्थिति का कोटा

### बायोमैट्रिक्स उपस्थिति इस सत्र में भी नहीं

विभिन्न विभागों में छात्रों के अलावा शिक्षकों के भी वक्त पर नहीं आने की शिकायतें सामने आती रही हैं। कुछ वर्ष पूर्व सभी विभागों में शिक्षकों के आने-जाने का समय दर्ज करने बायोमैट्रिक्स उपस्थिति की योजना तैयार की गई थी, लेकिन इस दिशा में अब तक कोई कार्य नहीं हो सका है। कई विभागों में शिक्षक तय वक्त से विलंब से पहुंच रहे हैं।

### ...तो नहीं दिला सकते परीक्षा

यूजीसी के नियमों के अनुसार, कक्षाओं में छात्रों के लिए तय उपस्थिति का आंकड़ा पूर्ण होना अनिवार्य है। ऐसा नहीं होने की स्थिति में छात्रों को परीक्षा में बैठने की पात्रता नहीं होती है। पिछले सत्र में भी कई ऐसे विद्यार्थी रहे थे, जिनकी उपस्थिति निर्धारित संख्या से कम थी। छात्र परीक्षा से वंचित ना रह जाएं, इसलिए इनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कर उनका कोटा पूर्ण किया गया था। इस बार भी इस तरह की नौबत ना आए, इसलिए सत्र के प्रारंभ से ही उपस्थिति को लेकर कड़ाई बरती जा रही है।

# आपसी रंजिश पर युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- घटना में तीन बदमाशों के शामिल होने की बात सामने आ रही

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश पर गुरुवार रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद आरोपी फरार हैं। पुलिस आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई है। घटना में तीन बदमाशों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। पुलिस के मुताबिक फोकटपारा निवासी कौशल चौहान की हत्या की गई है। पुलिस के अनुसार घटना के एक दिन पूर्व कौशल का तीन लड़कों के साथ विवाद हुआ था। उसी विवाद के कारण दूसरे दिन बदमाशों ने कौशल के साथ मारपीट कर उसकी चाकू मारकर हत्या ▶▶|शेष पेज 13 पर



**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### एकात्म परिसर में मोदी पर फोटो प्रदर्शनी

**रायपुर।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा द्वारा पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा प्रभारी गोपी साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आज फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बचपन से लेकर अभी तक के कार्यों व संघर्षों को प्रदर्शनी में चित्रित किया गया है। कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू, जयंती पटेल, लाभचंद बाफना, श्रीचंद सुन्दरानी, केदार गुप्ता, अमित चिमनानी, अशोक पांडेय, सत्यम दुवा, आशु चंद्रवंशी सहित भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कैबिनेट की बैठक आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार को राज्य



मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। यह बैठक मंत्रालय महानदी भवन में पूर्वान्ह साढ़े 11 बजे से प्रारंभ होगी। बताया गया है कि इस बैठक में राज्य की खेती किसानी से जुड़े मुद्दों के साथ मुख्यमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर की घोषणाओं का अनुमोदन किया जाएगा।

### चुनाव संचालन समिति में रहने से रुचिर का इनकार

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस की चुनाव संचालन समिति में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पूर्व सलाहकार रुचिर गर्ग ने संचालन समिति में रहने से इनकार किया है। उन्होंने इसके संबंध में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर खुद को इससे अलग करने कहा है। चुनाव संचालन समिति में 9 लोगों को शामिल किया गया है, जिनमें अधिकतर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन किया था। उनका नाम उस समय दक्षिण विधानसभा से प्रत्याशी बनाने के लिए चर्चा में आया था, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिल पाया।

### दिल्ली में कल सदस्यता अभियान की समीक्षा, प्रदेश के नेता आज जाएंगे दिल्ली

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय दिल्ली में शनिवार को आयोजित सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष मार्गदर्शन देंगे। बैठक में सदस्यता प्रभारी व राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े मौजूद रहेंगे। इस बैठक में प्रदेश भाजपा सदस्यता संयोजक अनुराग सिंह देव व सदस्यता अभियान टोली की सदस्य सांसद रूपकुमारी चौधरी भी शामिल होंगी। प्रदेश के भाजपा नेता शुक्रवार को यहां से दिल्ली जाएंगे।

### चार सदस्यों की हत्या पीड़ित परिवार को 10 लाख की सहायता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल थाना अंतर्गत ग्राम छरछेद में एक परिवार के चार सदस्यों की हत्या की खबर से मन व्यथित है। पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता के रूप में मैं 10 लाख रुपए देने की घोषणा करता हूं। आज मृतक चैतराम केंवट के बड़े भाई भुवनेश्वर केंवट और माता बोंगराबाई केंवट से बात हुई। मुख्यमंत्री ने कहा, पीड़ित परिवार के दर्द को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। मेरी संवेदनाएं परिवार के साथ हैं। इस जघन्य हत्याकांड के अपराधियों को कठोर सजा दिलाने के लिए हमारी सरकार संकल्पित है।

# एक विधायक ही भाजपा के दस हजार सदस्य बनाने के लक्ष्य के पार, बाकी अभी बहुत दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भाजपा का सदस्यता अभियान अच्छी गति से चल रहा है। सभी कार्यकर्ता सदस्य बनाने में जुटे हैं। इसी के साथ सांसद, विधायक भी अपने-अपने लिंक से सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं। इनको भी अलग-अलग लक्ष्य दिया गया है, लेकिन अब तक महज एक विधायक कुरुद के अजय चंद्राकर ही दस हजार के लक्ष्य के पार पहुंचे हैं, बाकी विधायक अभी अपने लक्ष्य से कोसों दूर हैं। कुछ विधायक जरूर लक्ष्य के करीब पहुंचने वाले हैं। जहां तक सांसदों का सवाल है, तो कोई भी सांसद अपने लक्ष्य का आधा सफर भी तय नहीं कर सका है। सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने हैं। कुछ कार्यकर्ता तीन हजार का वह आंकड़ा प्राप्त करने में सफल हो गए हैं, जिस आंकड़े तक पहुंचने पर उनको मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका मिलने वाला है। प्रदेश भाजपा संगठन ने सदस्यता अभियान में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए बूथों पर फोकस किया गया है। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं। ऐसे में हर बूथ के लिए 200-200 सदस्यों का लक्ष्य रख गया है। ऐसा करके 50 लाख तक पहुंचने की रणनीति बनाई गई है। इसके साथ सांसदों के लिए 20-20 और विधायकों के लिए 10-10 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

## कोई सांसद भी नहीं पहुंचा है अपने लक्ष्य के आसपास, बनाने हैं 20-20 हजार सदस्य

### ये विधायक लक्ष्य के करीब

प्रदेश में भाजपा के 54 विधायक हैं। इनमें से सबसे पहले पूर्व मंत्री और कुरूद के विधायक अजय चंद्राकर ने एक सप्ताह में ही दस हजार का आंकड़ा पार कर लिया है। उनके लिंक से 12 हजार से ज्यादा सदस्य बन गए हैं। इसी के साथ प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी के अलावा गुरु खुशवंत साहेब का आंकड़ा पांच हजार से पार होकर लक्ष्य की तरफ बढ़ रहा है। प्रदेश की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े पांच हजार के करीब पहुंच गई हैं। अन्य विधायक भी सदस्य बनने में जुटे हैं, लेकिन इनका आंकड़ा लक्ष्य से काफी दूर हैं।प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कुछ दिनों पहले जो समीक्षा बैठक ली थी, उसमें यह बात सामने आई है कि ज्यादातर विधायक विधायक लक्ष्य से बहुत दूर है। कई विधायकों के बहुत कम सदस्य बनने के भी बात सामने आई है। सभी को अपना लक्ष्य पूरा करने पर गंभीरता से ध्यान देने कहा गया है।



### तीन हजार तक पहुंचने वाले कार्यकर्ता

एक तरफ जहां कई विधायक और सांसदों का आंकड़ा तीन हजार तक नहीं पहुंचा है, वहां कुछ कार्यकर्ता ताबड़तोड़ सदस्य बनाने में लगे हैं। जांजगीर के एक कार्यकर्ता रवि पांडेय ने पांच हजार से ज्यादा सदस्य बना लिए हैं। शक्ति के एक कार्यकर्ता गगन जयपुरिया ने भी तीन हजार से ज्यादा सदस्य बना लिए हैं। प्रदेश संगठन ने तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान करने के साथ उनको मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका देने का ऐलान किया है। कई कार्यकर्ता तीन हजार के आंकड़े के करीब पहुंच गए हैं।

## कलेक्टरों को निर्देश दिया कि छोटी समस्याओं को स्थानीय स्तर पर निपटाएं

# सात घंटे के जनदर्शन में मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं का किया तत्काल समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जनदर्शन कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए लोगों ने अपनी समस्याएं बताईं। दोपहर 12 से शाम 7 बजे तक सात घंटे चले कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और तत्काल समाधान करने का प्रयास किया। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देश दिया कि लोगों की छोटी-मोटी समस्याओं को स्थानीय स्तर पर ही निराकरण करें।

चार सप्ताह बाद हो रहे जनदर्शन कार्यक्रम में इस बार भी इलाज की सहायता और अन्य मांगों को लेकर लोग मिलने पहुंचे। मुख्यमंत्री निवास में आज आयोजित जनदर्शन में सागर देवांगन को कृत्रिम हाथ लगाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए। उन्होंने तुरंत समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को उसके लिए कृत्रिम हाथ तैयार करवाने कहा। माना कैंप स्थित पीआरआरसी में सागर के हाथ का नाप लेकर कृत्रिम अंग तैयार किया जाएगा। जनदर्शन में गुढ़ियारी के रमण मंदिर वार्ड से आए रोशन साहू ने बेटे के इलाज के संबंध में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनका बेटा 8 साल का लक्ष्य एस्ट्रॉफी ऑफ़ ब्लैडर बीमारी से पीड़ित है। जब इस बात की जानकारी मिली कि अहमदाबाद सिविल अस्पताल में ऑस्ट्रेलिया फाउंडेशन द्वारा इस बीमारी का मुफ्त इलाज होता है तो वे वहां भी गए लेकिन वहां बताया गया कि अहमदाबाद इसके लिए नियमित रूप से जाना पड़ेगा। रोशन ने बताया कि खराब आर्थिक स्थिति की वजह से अहमदाबाद जाने में काफी खर्च होता है। उनकी समस्या सुनकर मुख्यमंत्री ने उन्हें तुरंत ईलाज के लिए 25 हजार रुपये का चेक प्रदान किया।



### ऋण नहीं चुका पा रहा, सहायता का मिला आश्वासन

*सरायपाली निवासी युवा अनुज सिंह ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री को अपनी समस्या बताई। मुख्यमंत्री को अनुज ने बताया कि उसने बीटेक की पढ़ाई के लिए शिक्षा ऋण लिया था। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। पिता एक दुकान में काम करते हैं, जिन्हें बहुत कम वेतन मिलता है। इस वजह से वह शिक्षा ऋण नहीं चुका पा रहा है। अब बैंक द्वारा उससे शिक्षा ऋण की राशि की वसूली प्रक्रिया अपनाई जा रही है। अनुज की समस्या को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बड़ी गंभीरता से सुना और उसे आश्वस्त करते हुए कहा कि हम आपकी मदद जरूर करेंगे। स्थानीय स्तर पर कलेक्टर से मिलकर उनके समक्ष अपनी बात रखें।*

### शासकीय भर्ती में आयु सीमा छूट 2028 तक

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जनदर्शन कार्यक्रम में मिलने पहुँचे कुछ युवाओं ने पीएससी सहित शासकीय भर्तियों में आयु सीमा बढ़ाने की माँग की। मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि उनकी सरकार ने पूर्व में कैबिनेट बैठक में पुलिस सहित शासकीय भर्तियों में युवाओं के निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में पाँच वर्ष की छूट का निर्णय लिया है। अभ्यर्थियों को 31 दिसंबर 2028 तक आयु सीमा में पाँच वर्ष की छूट का लाभ मिलेगा।

### श्रवण और दृष्टिबाधित को सहायता

दुर्ग जिले के ग्राम खम्हरिया निवासी नीलकंठ बिसाल को जनदर्शन में मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्काल श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। श्रवण यंत्र मिलने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री को राम-राम कहकर धन्यवाद ज्ञापित किया। जशपुर से आई दृष्टिबाधित कुमारी रूपवर्षा ने पढ़ने में आ रही दिक्कत के लिए ऑर्बिट रीडर यन्त्र के लिए मुख्यमंत्री से गुहार की। मुख्यमंत्री ने सहायता का आश्वासन दिया।

## भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ पांचों संभागों के थानों में दर्ज कराई शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के पांचों संभागों के जिलों रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर, बिलासपुर और सरगुजा में राहुल गांधी के खिलाफ थानों में शिकायत दर्ज कराई है। सिविल लाइंस थाने में इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा अमेरिका प्रवास के दौरान दिए गए बयानों को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई। भाजपा ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी इन दिनों जिस प्रकार की भाषा बोल रहे हैं, वह देश में जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के आधार पर विभाजनकारी मानसिकता की परिचायक है और वह विश्व पटल पर भारत की छवि को धूमिल करने वाली है।

■ अमेरिका में दिए गए बयान का मामला

रायपुर में शिकायत दर्ज करने के बाद भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, विदेश प्रवास के दौरान उन विदेशी ताकतों के प्रतिनिधियों से राहुल गांधी का भेंट करना आपत्तिजनक है, जो भारत में राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अस्थिरता पैदा करके भारत को नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं। ऐसे विदेशी नेताओं से मिलकर राहुल गांधी देश के खिलाफ जो टिप्पणियां कर रहे हैं, वह देश विरोधी कृत्य है। अमेरिका प्रवास के दौरान राहुल ने सिख समाज की धार्मिक प्रतीक पगड़ी और कड़ा को लेकर भी अमर्यादित और अप्रासंगिक टिप्पणी करके भारतीय लोकतंत्र भारत की सर्व समावेशी व सर्वस्पर्शी संवैधानिक व्यवस्था पर चोट पहुंचाने के साथ-साथ सिख समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। राहुल गांधी का यह कृत्य भारतीय सर्वधर्म समभाव की छवि को बिगाड़ कर विश्व पटल पर सिख समाज को अपमानित करने और भारत की छवि को गलत रूप में प्रस्तुत करने की एक सोची समझी राजनीतिक साजिश को प्रमाणित करता है।

### भाजपा के कई पदाधिकारी हुए शामिल

रायपुर शहर जिला भाजपा के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में सिविल लाइन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, लाभचंद बाफना, प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने, अमरजीत सिंह छाबड़ा, उमेश घोरमोड़े, सत्यम दुवा, अमित मैशरी, अनूप खेलकर, देवदत्त साहू आदि भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संस्कार के बिना शिक्षा अधूरी : बृजमोहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी है, केवल ज्ञान या कौशल से समाज का समुचित विकास नहीं हो सकता। संस्कार ही व्यक्ति को सच्चा नागरिक बनाता है, जो समाज और राष्ट्र के कल्याण में योगदान दे सकता है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी रायपुर के माधवराव सप्रे शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में आयोजित समारोह के दौरान यह बात कहीं। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने विद्यार्थियों को स्वच्छ और शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए लगाये गये वाटर कूलर का लोकार्पण भी किया। उन्होंने सप्रे स्कूल में 5 अतिरिक्त रूम, स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर लैब के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, शिक्षा के बिना हम आगे नहीं बढ़ सकते। इस मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रिंसिपल अनुपमा श्रीवास्तव, हरख मालू, महादेव नायक, संतोष सोनी, नवरतन गोलछा, संजय सोनी सहित स्कूली विद्यार्थी और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सीमेंट कंपनियों को सरकार की दो टूक, बढ़ी कीमत पूरी वापस लें, दाम बढ़ाने से पहले लेनी होगी इजाजत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीमेंट की बढ़ी कीमत को लेकर प्रदेश सरकार ने सख्ती दिखाई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने गुरुवार को प्रदेश की सभी सीमेंट कंपनियों के अधिकारियों को बुलाकर उनके साथ उद्योग भवन में बैठक की और सरकार की तरफ से साफ कहा गया कि बढ़ी हुई कीमत पूरी तरह से वापस लें। इसमें खुले बाजार का सीमेंट और नान ट्रेड दोनों शामिल हैं। इसी के साथ कंपनियों से साफ कहा गया कि कभी भी कीमत बढ़ाने से पहले प्रदेश सरकार की इजाजत जरूरी है। प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने तीन सितंबर को खुले बाजार के साथ नान ट्रेड सीमेंट की कीमत 50 रुपए बढ़ा दी थी। इसके बाद रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कीमतों को लेकर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी पत्र लिखा। हरिभूमि ने लगातार खबरों का प्रकाशन भी किया। इसके बाद सीमेंट कंपनियों ने यू-टर्न लेते हुए तीन बार में खुले बाजार के सीमेंट की कीमत 45 रुपए कम ही। इसके बाद एक बार में नान ट्रेड की कीमत 15 रुपए कम की गई। नान ट्रेड सीमेंट की कीमत इस समय 45 रुपए ज्यादा है। इसी के साथ खुले बाजार का सीमेंट भी पांच रुपए ज्यादा है।

■ उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने की सीमेंट कंपनियों के साथ बैठक

### कीमत वापस लेने का फरमान

सीमेंट की बढ़ी कीमतों की जानकारी होने पर इस मामले में मुख्यमंत्री श्री साय ने नाराजगी जताते हुए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन को सभी सीमेंट कंपनियों को बुलाकर बात करने के लिए कहा। श्री देवांगन ने हरिभूमि को बताया, मुख्यमंत्री की मंशा के मुताबिक सभी कंपनियों को बुलाकर बात की गई, उनको साफ निर्देश दिए गए हैं, सीमेंट की पुरानी कीमत ही रखें, चाहे वह खुले बाजार का सीमेंट हो या फिर सरकारी काम में आने वाला नान ट्रेड सभी की बढ़ी कीमत पूरी की पूरी वापस लें। इसी के साथ सभी कंपनियों से कहा गया इस तरह से कभी भी कीमत में इजाफा करने की मनमर्जी नहीं चलने वाली है। कीमत बढ़ाने से पहले इसकी सारी जानकारी प्रदेश सरकार को देकर कीमत बढ़ाने का कारण बताना होगा और पहले कीमत बढ़ाने के लिए इजाजत लेनी होगी। बिना सरकार की मंजूरी के कीमत में इजाफा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी कंपनियों से सरकार की मंशा के मुताबिक काम करने की बात कही है। इस अवसर पर वाणिज्य उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, सीएसआईडीसी के एमडी विश्वेश कुमार, पर्यावरण व आवास विभाग के सचिव अंकित आनंद, पर्यावरण संरक्षण के सचिव सदस्य अरुण प्रसाद समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## गृह विभाग ने जारी किया निलंबन आदेश

# लोहारीडीह कांड जेल दाखिल होने से पहले घायल था प्रशांत निलंबित एएसपी पर गंभीर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*कबीरधाम जिले के लोहारीडीह में आगजनी की घटना के बाद कथित तौर पर पुलिस की ज्यादती और प्रताड़ना का शिकार प्रशांत साहू की मौत के मामले में निलंबित एएसपी आईपीएस विकास कुमार के निलंबन का आदेश गृह विभाग ने जारी किया है। खास बात ये है कि इस आदेश में कहा गया है कि मृतक प्रशांत को जेल में दाखिल होते समय ही चोट लगी हुई थी। इस आदेश से साफ संकेत मिल रहे हैं कि मृतक के साथ मारपीट या हिंसा हुई थी। इससे पहले ग्रामीणों ने पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया था। कवर्धा जिले के रेंगाखार थाना क्षेत्र के लोहारीडीह में रविवार 15 सितंबर को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी। इसमें गांव के ही रघुनाथ साहू को जिंदा जलाकर मौत के घाट उतार दिया था। घटना के बाद से पुलिस ने 160 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है और 69 लोगों को हिरासत में लिया गया है।*

### जारी हुआ निलंबन आदेश


लोहारीडीह कांड के सिलसिले में एएसपी विकास कुमार का निलंबन आदेश गृह विभाग ने जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि कबीरधाम आगजनी प्रकरण में प्रशांत साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में रखा गया था। मृतक को जेल में दाखिल होते समय से ही चोट लगी हुई थी। विकास कुमार एएसपी कबीरधाम आगजनी की घटना को करने वालों को गिरफ्तार करने वाली टीम के प्रमुख थे, इसलिए इस मृत्यु के पीछे प्रथम दृष्टया उनकी गंभीर लापरवाही प्रतीत होती है।

### कांग्रेस ने किया कल बंद का आह्वान

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। लोहारीडीह घटना स्थल से लौटने के बाद उन्होंने राज्य की कानून व्यवस्था पर कड़ी आलोचना करते हुए प्रदेश में बढ़ती असुरक्षा और अपराधों के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की। कांग्रेस ने इस घटना के विरोध में 21 सितंबर को प्रदेश बंद का आह्वान किया है। उन्होंने जनता से अपील की कि राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था और सरकार की विफलताओं के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने गृहमंत्री के कार्यक्षेत्र में हुई लोहारीडीह की घटना को राज्य की कानून व्यवस्था की बड़ी विफलता बताया। उन्होंने राज्य सरकार, विशेषकर गृहमंत्री के कार्यों को विफल बताते हुए गृहमंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है।


## उप मुख्यमंत्री साव अमेरिका प्रवास से आज लौटेंगे

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव अमेरिका का अपना आठ दिवसीय अध्ययन प्रवास पूर्ण कर शुक्रवार को रायपुर लौटेंगे। वे अमेरिका से आज नई दिल्ली पहुंच गए हैं।



20 सितम्बर को सवेरे सात बजे नई दिल्ली से नियमित विमान से रायपुर के लिए रवाना होंगे। वे सवेरे 8:55 बजे रायपुर पहुंचेंगे। श्री साव एशियन डेवलपमेंट बैंक के आमंत्रण पर लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह के साथ 9 सितम्बर को अमेरिका के लिए रवाना हुए थे। अपने आठ दिवसीय अध्ययन यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क, वाशिंगटन और सेन फ्रांसिस्को में सड़क एवं भवन निर्माण परियोजनाओं का भ्रमण किया।

## राइस मिलरों ने कस्टम मिलिंग नीति पर दिए सुझाव, प्रोत्साहन राशि डेढ़ सौ करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को खरीफ विपणन नीति 2024-25 के लिए कई बिंदुओं पर आधारित सुझाव दिए हैं। मिलरों ने सुझाव के साथ कई मांगें भी रखी हैं। मिलरों का कहना है कि मिलिंग के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 150 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए। मिलरों ने सुझाव दिया है कि सभी मिलरों को प्रोत्साहन राशि का एक समान लाभ मिलना चाहिए। परिवहन दर में वृद्धि करने की मांग की गई है। इसके साथ ही मिलरों की बकाया राशि जिसमें कस्टम मिलिंग, प्रोत्साहन राशि, बारदाना आदि का भुगतना करने की बात कही गई है। एफआरके भुगतान, बारदाना भुगतान दर में कमी, सहित कई अन्य मुद्दे शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### गांधी सदन में बैठक

**रायपुर।** अपर आयुक्त विनोद पांडे और मुख्यअभियंता यू.के. धलेन्द्र ने महात्मा गांधी सदन के सभाकक्ष में बैठक ली। जिसमें विभिन्न मदों में किये जा रहे विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने अभियंताओं को निर्देश दिए। बैठक में अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बांगड़े सहित कार्यपालन अभियंतागण उपस्थित रहे।

### स्वच्छता मैराथन

**रायपुर।** नगर निगम जोन 7 की ओर से राजधानी के विज्ञान महाविद्यालय मैदान में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता के लिए स्वच्छता मैराथन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शहर को स्वच्छ बनाने का संदेश मेराथन के माध्यम से दिया गया। इसी प्रकार जोन 8 क्षेत्र में मोहबाबाजार जोन कार्यालय के समीप स्वच्छता मैराथन का आयोजन हुआ। जिसमें जोन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता की अहमियत बताई।

### जोगी कांग्रेस से प्रभारी महामंत्री देवांगन ने दिया इस्तीफा

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रभारी महामंत्री महेश देवांगन ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रेणु जोगी को अपना इस्तीफा पत्र प्रेषित करते हुए आज अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रेणु जोगी और प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने श्री देवांगन का इस्तीफा भारी मन से स्वीकार करते हुए कहा, वे जोगी परिवार के अभिन्न अंग थे, हैं और आगे भी रहेंगे। हम उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं।

### ओबीसी आयोग में शिकायत के बाद शिक्षक को मिला रुका वेतन

**रायपुर।** कन्या प्रयास विद्यालय गुढ़ियारी के अभिनव सोनी ने मैट्रिक्स जी एकेडमी संस्थान रायपुर के संचालक राजेश बोर्डे के विरुद्ध उनका ढाई लाख रुपए वेतन रोके जाने की शिकायत अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग में की थी। इस शिकायत के बाद आयोग ने प्रकरण में सुनवाई की। इस दौरान दोनों पक्षों की बाते सुनने के बाद आयोग ने राजेश बोर्डे को शैक्षणिक कार्य की रोकी गई राशि को डीबीटी के माध्यम से भुगतान करने का आदेश दिया। इस आदेश तहत राजेश बोर्डे ने बकाया वेतन डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया।

### 18 महापुराणों की शोभायात्रा के साथ शुरू हुई शिवमहापुराण की कथा



**रायपुर।** महामाया मंदिर परिसर में आयोजित शिव महापुराण की कथा और 18 पुराणो की पाठ के पूर्व मंदिर से भव्य मंगल कलश यात्रा निकल गई। इस कलश यात्रा में माताएं और बहने सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। शिव महापुराण की कथा में मूल रूप से 18 पुराणो के साथ भक्तों को चार वेद और 6 शास्त्रों का भी पाठ होते हुए मिलेगा। शोभायात्रा के बाद शिवमहापुराण की कथा में पहुंचे कथा व्यास आचार्य युवराज पांडे ने भक्तों को बताया कि शिव महापुराण में भगवान शिव को प्रसन्न करने की पूजा विधियों और ज्ञान से भरे आख्यान भी सम्मिलित हैं। हिंदू धर्म में भगवान शिव त्रिदेवों में से एक हैं और इन्हें संहार का देवता भी माना जाता है। भगवान शिव को महेश, महाकाल, नीलकंठ, रुद्र आदि नामों से भी पुकारा जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि भगवान शिव महान योगी थे और इसीलिए उन्हें आदियोगी की संज्ञा भी दी जाती है। हिंदू शास्त्रों में भगवान शिव को एक ऐसे देवता के रुप में वर्णित किया गया है जो बहुत दयालु और भोले हैं और भक्तों की एक सच्ची पुकार पर प्रसन्न हो जाते हैं। हालांकि जब भगवान शिव क्रोध में आते हैं तो सारी सृष्टि कांपने लगती है। इस दौरान भक्तों ने शिव कथा का श्रवण पान करने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# नगर निगम के ठेकेदारों को 3 माह से भुगतान नहीं, हड़ताल पर जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

3 माह से लंबित भुगतान को लेकर रायपुर नगर निगम के अंतर्गत कार्यरत ठेकेदार हड़ताल पर जाएंगे। प्रभावित ठेकेदारों ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को पत्र लिखकर कहा है, यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया, तो 22 सितंबर से करीब 4 हजार कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे। ठेकेदारों का 20 करोड़ का भुगतान लंबित होने से यह स्थिति बनी है। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के पास ठेकेदारों के लंबित भुगतान के लिए फंड का टोटा है। नगर निगम द्वारा 300 करोड़ की राजस्व वसूली के बाद अपने ठेकेदारों का 3 माह से भुगतान नहीं कर पाया है। इस बात को लेकर नगर निगम के ठेकेदार नाराज हैं। उन्होंने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि उनका लंबित भुगतान जल्द किया जाए, ऐसा नहीं होने पर 22 तारीख से करीब 4 हजार कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। नगर निगम ने जून से ठेकेदारों का भुगतान नहीं किया है। विदित हो कि नगर निगम के 70 वार्डों में 4 हजार से अधिक सफाई, बिजली कर्मचारी, प्लंबर और ड्राइवर कर्मचारियों का 3 माह का भुगतान लंबित है।

## 20 करोड़ का भुगतान लंबित, भुगतान के लिए निगम के पास फंड का टोटा




### रामकी का 55 करोड़ बकाया

*शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी कंपनी का 55 करोड़ रुपए का सफाई बिल लंबित है। नगर निगम ने अनुबंधित एजेंसी के सफाई बिल की राशि का भुगतान नहीं किया है। रामकी के सिटी हेड का कहना है, यदि यही स्थिति बनी रही, तो वे अपने कर्मचारियों की इस माह की सैलेरी नही दे पाएंगे। विदित हो कि रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन परिवहन और सेकंडरी पाइंट तक परिवहन से लेकर सकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे का मशीन से वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। हर महीने उन्हें 3 करोड़ से ज्यादा की राशि अपने कर्मचारियों के वेतन के रूप में प्रतिमाह भुगतान करनी होती है। निगम आयुक्त को अपनी परेशानी से समय-समय पर अवगत कराते रहे हैं।*

## पैसा मांगने पर और पैसा जमा करने दबाव बना कर एफआईआर करने की धमकी

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर कारोबारी से 1 करोड़ 16 लाख की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पंडरी थाना में एक कारोबारी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर एक करोड़ 16 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कारोबारी ने जालसाज के खिलाफ टैक्स की बकाया रकम जमा नहीं करने पर एफआईआर दर्ज कराने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पुलिस के मुताबिक पेशे से बेसन का कारोबार करने वाले मोवा, दलदल सिवनी निवासी महेश रामचंदानी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महेश ने पुलिस को बताया है कि उसके पास उसके फेसबुक मैसेंजर के माध्यम से एक फरवरी को फ्रेंड रिक्वेस्ट आया। कारोबारी के अनुसार फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने के बाद जालसाज ने कुछ दिनों तक उसके साथ मैसेंजर के माध्यम से चैट किया। इसके बाद जालसाज कारोबारी का मोबाइल नंबर हासिल कर वाट्सए से चैट करने लगा। जालसाज ने कारोबारी को अपना परिचय फैशन डिजायनर बताते हुए बैंगलुरु का रहने वाला बताया।

### लालच में मित्र से साढ़े 16 लाख उधार लिए

*कारोबारी के अनुसार उसने जब अपनी रकम विथड्रा करना चाही, तो जालसाज ने कारोबारी से टैक्स की बकाया रकम 40 लाख रुपए देने की मांग की। रकम नहीं देने की स्थिति में पैसा नहीं मिलने का झांसा दिया। इसके बाद कारोबारी ने अपने एक मित्र से साढ़े 16 लाख रुपए उधार लिया। इसी दौरान कारोबारी को आशंका हुई। इसके बाद कारोबारी ने जालसाजों के अकाउंट में रुपए जमा नहीं किया।*



### रुपए जमा नहीं करने पर ग्रुप से निकाला

कारोबारी के अनुसार उसने जालसाजों के अकाउंट में रुपए ट्रांसफर नहीं किया, तो जालसाजों ने उसे वाट्सएप ग्रुप से रिमूव कर दिया। इसके साथ ही जालसाज कारोबारी को कॉल कर टैक्स की रकम जमा करने दबाव बनाने के साथ पुलिस का भय दिखाते रहे।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम से लगातार हो रही ठगी

फेसबुक मैसेंजर तथा टेलीग्राम से मैसेज भेज कर शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर ठगी करने की लगातार घटनाएं घटित हो रही हैं। रायपुर में तीन महीने के भीतर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर पांच करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की घटनाएं हो चुकी हैं। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले जालासाजों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। बावजूद इसके ठगी की घटनाएं कम होने के बजाय और बढ़ रही हैं।

### एप डाउनलोड कराकर जाल में फंसाया

*महेश के मुताबिक जालसाज ने उसे अपने चाचा को जेपी मार्गन चेंस कंपनी का असिस्टेंट मैनेजर बताते हुए उसके मार्गदर्शन में एलसीईसी एप के माध्यम से बिटक्वाइन ट्रेडिंग का कारोबार करना बताया। इस तरह का झांसा देकर जालसाज ने कारोबारी को एक एप डाउनलोड कराया। इसके बाद एप के माध्यम से यूके के कंट्री कोड से एक वाट्सएप नंबर मिला। उस वाट्सएप नंबर में कारोबारी को शेयर ट्रेडिंग में 30 प्रतिशत मुनाफा मिलने का झांसा देकर जालसाज ने कारोबारी को ठगी का शिकार बनाया।*

### कई अन्य वाट्सएप ग्रुप में जोड़कर झांसे में लिया

*कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि जालसाज से जुड़े लोगों ने उसे शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफा कमाने का झांसा देकर अलग-अलग वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा। जालसाजों ने कारोबारी को मुनाफा मिलने का झांसा देकर मई तक रकम वसूल की और ठगी का शिकार बनाते रहे।*

# डीए को लेकर कर्मचारी संघ दो फाड़, एक ने किया वित्तमंत्री से आश्वासन का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने किया आंदोलन स्थगित

राज्य के चार लाख कर्मचारियों और डेढ़ लाख पेंशनरों को 1 जनवरी से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता की मांग को लेकर कर्मचारी संगठन लगातार आंदोलित हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने दावा किया है कि वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने उन्हें जल्द आदेश जारी करने का आश्वासन दिया है। वहीं कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने उनके दावे को गलत बताते हुए कहा, पिछली बार भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इसी तरह का आश्वासन मिला था, पर कुछ नहीं हुआ। राज्य के कर्मचारियों को केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर डीए नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों और पेंशनरों में असंतोष है। इसे लेर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने 20 सितम्बर को हड़ताल करने का ऐलान किया था। इसके पूर्व भी 9 सितंबर को प्रदेश व्यापी हड़ताल करने की घोषणा की थी। राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को चार प्रतिशत डीए देने की सहमति व्यक्त की, किंतु देय तिथि से डीए देने पर गतिरोध संयुक्त मोर्चा एवं शासन के बीच बना रहा।

### 27 को फेडरेशन की हड़ताल

इधर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन डीए और अन्य मांगों को लेकर क्रमिक आंदोलन चला रहा है। इसी कड़ी में 27 सितंबर को हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने अपनी चार सुत्रीय मांगों को लेकर तीन चरणों में आंदोलन किया का एलान किया था।

### केंद्र की घोषणा के साथ राज्य के कर्मचारियों पर स्वमेव लागू होगा

*दूसरे दौर की चर्चा के लिए वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने मोर्चा के घटक संगठनों के प्रतिनिधियों को 17 सितंबर को देर रात्रि चर्चा के लिए बुलाया। वित्तमंत्री ने कहा, चार प्रतिशत डीए देने की घोषणा मुख्यमंत्री स्वयं अतिशीघ्र करेंगे। निकट भविष्य में शासन ऐसी योजना ला रहा है कि जिस दिन केंद्र सरकार डीए देने की घोषणा करेगी, उसी दिन से राज्य सरकार के कर्मचारियों पर स्वमेव लागू हो जायेगा, डीए अब मांगना नहीं पड़ेगा।*

# छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के सहायक संपदा प्रबंधक निलंबित

- हितग्राहियों के प्रकरण रोककर नकदी लेन-देन का आरोप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग के सहायक संपदा प्रबंधक मुखीराम ध्रुवे को नकदी लेन-देन का मामला प्रकाश में आने पर आयुक्त छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जारी निलंबन आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र दुर्ग के सहायक संपदा प्रबंधक मुखीराम ध्रुवे द्वारा अपने कार्यालय में हितग्राहियों के प्रकरण को रोककर नगदी लेन-देन का समाचार निजी टीवी चैनल द्वारा प्रसारित किया गया था। आयुक्त, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सहायक संपदा प्रबंधक श्री ध्रुवे को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री ध्रुवे का मुख्यालय मुख्य संपदा अधिकारी, मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### धमकी देने वाले डीजे संचालक ने डा. गुप्ता से मांगी माफी


**रायपुर।** रायपुर के जाने-माने चिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डा. राकेश गुप्ता को सोशल मीडिया में धमकी देने वाले डीजे संचालक ने माफी मांगी है। डीजे संचालक गुरुवार को अपने परिवार के साथ डा. गुप्ता के घर पहुंचा और सोशल मीडिया में डाली गई टिप्पणी पर माफी मांगी। डा. गुप्ता ने डीजे संचालक व उसके परिवार द्वारा माफी मांगने की जानकारी सोशल मीडिया में शेयर की है। उन्होंने माफी मांगने के बाद डीजे संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई रुकवाने का भरोसा दिलाया है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया में धमकी मिलने के बाद डा. गुप्ता ने इसकी शिकायत एसएसपी से की थी।

# सामुदायिक भवनों की सुध नहीं ले रहा निगम, कहीं बिजली नहीं तो कहीं टॉयलेट का अभाव, सीपेज की परेशानी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- चातुर्मास के बाद होंगे मांगलिक आयोजन, पर निगम के भवन बदहाल
- जोन दफ्तरों के भरोसे सामुदायिक भवनों का मेंटेनेंस, जिम्मेदार लापरवाह

राजधानी में 12 नवंबर से एक बार फिर से मांगलिक आयोजन शुरू हो जाएंगे। वहीं नगर निगम द्वारा बनवाए गए सामुदायिक भवनों का बुरा हाल है। कई भवन ऐसे हैं, जहां लोगों को सुविधाएं ही नहीं मिल रही हैं। इन भवनों में जरूरी सुधार कराने में निगम और जोन के जिम्मेदार रुचि नहीं ले रहे हैं। इससे आगामी वैवाहिक सीजन में लोगों को प्राइवेट मैरिज हॉल का औना-पौना किराया भी देना पड़ेगा, इसमें मेंटेनेंस शुल्क शामिल होगा। ऐसी स्थिति इसलिए बन रही है, क्योंकि जोन को मेंटेनेंस कराने के लिए फंड नहीं मिल रहा है। चातुर्मास का समापन होने के बाद लोगों को मांगलिक आयोजनों के लिए कई मुहूर्त मिलने वाले हैं। इसे देखते हुए लोग विवाह के लिए भवन बुक कराने में लगे हैं। हरिभूमि ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित निगम के सामुदायिक भवनों की स्थिति



जांची तो कई खामियां सामने आईं। निगम ने करोड़ों रुपए खर्च कर भवनों का निर्माण कराने के बाद उन्हें जोन के भरोसे छोड़ दिया है। इससे भवनों की स्थिति में सुधार ही नहीं हो रहा है। अव्यवस्था को देखते हुए लोग निगम के भवनों की बुकिंग कराने से भी गुरेज करने लगे हैं। इससे निगम को होने वाली कमाई भी प्रभावित हो रही है। 2022 में कराए गए सर्वे में 50 से ज्यादा बड़े भवनों में से 23 में बुनियादी सुविधाओं का अभाव मिला था, जिसे दुरुस्त कराने के लिए किए गए प्रयास के बाद भी सामुदायिक भवनों की स्थिति में अभी तक सुधार नहीं हो पाया है।

### केस 1

खमतराई के संतोषी नगर में लाखों रुपए खर्च कर बनवाए गए सामुदायिक भवन में बिजली, पानी ही नहीं, बल्कि टॉयलेट की सुविधा का भी अभाव है। अभिषेक ठाकुर ने बताया कि इसे लोगों को प्राइवेट भवनों की बुकिंग पर होने वाले खर्च से राहत देने के लिए बनाया गया, इसके बाद से सुध नहीं ली जा रही है। इसमें सीपेज की समस्या भी हर साल रहती है। सुधार नहीं होने से लोगों को सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं।

### केस 2

2008 में हाउसिंग बोर्ड द्वारा कराए गए निर्माण के बाद निगम ने हीरापुर में जिस सामुदायिक भवन को हैंडओवर लिया है। उसमें सीपेज सहित टॉयलेट व पंखे नहीं हैं। पार्किंग की सुविधा भी इस भवन में नहीं है। पार्षद कमलेश बसंत वर्मा ने बताया कि इस सामुदायिक भवन का मेंटेनेंस कराने निगम को कई बार प्रस्ताव दिया गया। इसके बाद भी सुधार नहीं होने से लोगों की सुविधा प्रभावित हो रही है।

### केस 3

वीरभद्र नगर में मारवाड़ी श्मशानघाट के पास स्थित सामुदायिक भवन में फिलहाल छोटे आयोजन होते हैं। पार्षद मनोज वर्मा ने बताया कि कुछ महीने पहले यहां टॉयलेट व बिजली से संबंधित काम कराया गया है। अभी भवन के बाहर पेवर ब्लॉक लगवा रहे हैं, ताकि मांगलिक आयोजन के लिए लोगों को सुविधा मिल सके। इसके लिए निगम ने एजेंसी तय कर जिम्मेदारी दी है। नवंबर तक यहां सभी जरूरी काम पूरे कराएंगे।

### इस कारण अटकता है मेंटेनेंस

निगम सूत्रों ने बताया कि निगम जितने भी सामुदायिक भवनों की बुकिंग देता है। उससे मिलने वाली राशि को निगम के खाते में जमा किया जाता है। इससे टूट-फूट की स्थिति में जरूरी काम कराने के लिए प्रस्ताव भेजने और बजट मिलने पर ही मेंटेनेंस कार्य कराए जाते हैं। इसमें विलंब होने से लोगों को मिलने वाली सुविधा प्रभावित होती है। भवनों को बुक कराने वाले लोग बिजली, पानी, टॉयलेट और सीपेज की समस्या को देखते हुए प्राइवेट भवनों की तरफ रूख करते हैं, जिससे निगम की कमाई प्रभावित होती है।

# कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा मंत्रालय का विधि विभाग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने अपनी 8 सूत्रीय मांग के संबंध में प्रमुख सचिव विधि विभाग मंत्रालय नवा रायपुर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें रिक्त पदों जल्द पदोन्नति और भर्ती करने की मांग की गई। दरअसल, छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय विभाग कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। राज्य गठन के 24 साल होने के बाद भी इसकी स्थिति नहीं बदली। विभाग में कर्मचारी की कमी के चलते आला अधिकारियों को पीने का पानी भी घर से लेकर आना पड़ रहा है। अनुभाग अधिकारी और अवर सचिव तक खुद अपनी फाइल उपर पहुंचाते हैं। ऐसे में रिक्त पदों पर भर्ती व पदोन्नति की कार्यवाही जल्द किये जाने की मांग उठने लगी है। इसी संबंध में गुरुवार को कर्मचारियों की समस्या को लेकर छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय कर्मचारीसंघ ने 8 सूत्रीय मांग को लेकर प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपा।

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

सहायक ग्रेड 1 के 25 फीसदी पदों पर सीधी भर्ती का प्रावधान हटाया जाए। मुख्य अनुवादक से सहायक संचालक और सहायक संचालक से अवर सचिव अनुवादक पद पर पदोन्नति के लिए अर्हता अवधि को 5 वर्ष की जगह 3 वर्ष यथावत रखा जाए। रिक्त पदों पर भर्ती व पदोन्नति की कार्यवाही जल्द करने, सेटअप में मुख्य अनुवादक के अतिरिक्त 2 पद स्वीकृत कराने की मांग शामिल है। इसके साथ ही अवकाश देयकों की स्वीकृति में शिथिलता बरती जाए। प्रमुख सचिव विधि रजनीश श्रीवास्तव ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनी, और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा,उपाध्यक्ष अरुण मिश्रा,सचिव गोविंद साहू,सहसचिव धर्मेंद्र वर्मा,कोषाध्यक्ष पुखराज साहू,कार्यकारणी सदस्य ज्योति पांडे,गुड़िया पाल शामिल थे।

## बिजनेस साइट

# सांसद बृजमोहन ने स्वदेशी खादी महोत्सव का किया शुभारंभ

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को गास मेमोरियल मैदान आकाशवाणी चौक में आयोजित स्वदेशी खादी महोत्सव का भव्य उद्घाटन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद सांसद श्री अग्रावाल ने संपूर्ण प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए हर्ष जताया एवं शहर वासियों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आए और हाथ से बनी हुई वस्तुओं का खरीदारी करें और लाभ उठाएं। मीडिया बंधुओ को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियां शहर में समय-समय पर आयोजित होनी चाहिए, जिससे कि स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को रोजगार मिलेगा तथा स्वावलंबन होगा। प्रदर्शनी में 80 हजार से अधिक वस्तुओं का संगम एक ही छत के नीचे वाकई में रायपुरवासियों के लिए बहुत ही सुनहरा मौका है, काफी किफायती दामों पर एक ही स्थान पर बैठे हुए सभी वस्तुओं को देखना और खरीदना एक अलग ही अनुभव होगा। प्रदर्शनी में मेरठ के खादी कुर्ते, बनारसी सिल्क साड़ी, कश्मीरी सिल्क साड़ी, खादी कुर्तियां, लकड़ी के खिलौने मेरठ के और भी बहुत सारी वस्तुओं के साथ-



साथ भदोही के कारपेट खुर्जा के क्रॉकरी जयपुर, मुखवास लखनऊ, चिकन हैदराबादी, कॉटन साड़ी सहारनपुर फर्नीचर आदि है। इसी दौरान अनुराग मिश्रा ने बताया कि प्रदर्शनी समिति दोनों के लिए लगाई गई है। प्रदर्शनी में हथकरघा एवं हस्तशिल्प वस्तुओं पर क्रमशः 10 प्रतिशत से लेकर के 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट का भी प्रावधान है। प्रदर्शनी का समय सुबह 11 से लेकर के रात्रि के 10 बजे तक है। इस प्रदर्शनी को आज शहर के लोकप्रिय पूर्व मंत्री एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपना बहुमूल्य समय देकर उद्घाटित किया है।








फोटो: किशन लोखंडे, रमन हलवाई, अजय साहू

पारंपरिक दफड़ा बाजा की धुन में झूमे युवा, 90 से अधिक झांकियों में देवी-देवताओं के प्रसंगों का रहा आकर्षण

# ऐसा जनसमुद्र ... तैरती रहीं पौराणिक झांकियां

**रायपुर।** गणेश विसर्जन के बाद गुरुवार की रात झांकियां देखने रायपुर की सड़कों पर हजारों की भीड़ उमड़ी। इस बार 90 से अधिक विसर्जन झांकियां निकाली गईं, जिसमें श्रीराम जन्म भूमि पर आधारित झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। श्रीराम और भगवान हनुमान पर आधारित सर्वाधिक झांकी देखने को मिली है। क्रेन की मदद से निकाली गई झांकी आकर्षण का केंद्र रही। श्री भारती समाज तात्यापारा ने भगवान गरुड़ की झांकी क्रेन की मदद से निकाली। इस बार शहर की झांकियों में डीजे की कानफोड़ू आवाज सुनाई नहीं दी। इसके बाद भी पूरे उत्साह से समितियों ने झांकियां निकाली, जिसमें परंपरा, संस्कृति के साथ अनुशासन की झलक देखने को मिली। कुछ समितियों ने सीमित संख्या के बॉक्स के साथ साउंड सिस्टम इस्तेमाल किया। वहीं ज्यादातर झांकियों में पारंपरिक वाद्य यंत्र दफड़ा, गड़वा बाजा के साथ बैंड का इस्तेमाल हुआ। इन वाद्ययंत्रों की सुरीली धुनों के बीच समिति सदस्यों के साथ शहर के युवा झूमते-नाचते रहे।







युवा संगठन समिति, रामनगर





सुनीत मित्र मंडल, कुशालपुर (गंगा आरती)




रिद्धि-सिद्धि परिवार, पुरानी बस्ती

## नजर आया गोपियों का कृष्ण प्रेम

90 से अधिक झांकियों में अयोध्या के राम मंदिर तथा भोलेनाथ और गणेश जी के जीवन पर आधारित झांकियां अधिक रही। एक झांकी छत्तीसगढ़ महतारी पर आधारित रही, जिसमें छत्तीसगढ़ के देवी-देवताओं की झांकी देखने को मिली। राधा-कृष्ण के प्रेम को प्रदर्शित करती झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। इसमें आकर्षक झूले में राधा-कृष्ण को झूलते दिखाया गया। बाल स्वरूप में गणेश जी की झांकियों ने सभी का मन मोह लिया।

## जयस्तंभ में 9 बजे पहुंची पहली झांकी

झांकियों की वजह से गुरुवार रात का मंजर उत्सव जैसा रहा। भीड़ अधिक होने से राठौर चौक से झांकी को जयस्तंभ तक पहुंचने में दो घंटे से अधिक का समय लग गया। पहली झांकी फूल चौक से होते हुए रात 9 बजे जयस्तंभ चौक में पहुंची। इस दौरान सड़कों पर विभिन्न समिति और नेताओं द्वारा मंच तैयार किया गया था। जगह-जगह झांकियों का फूलों से स्वागत किया गया। झांकियों के आगे वाद्ययंत्रों के साथ युवाओं की भीड़ देखने को मिली। पटाखे और फूलों की बारिश से झांकियां जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, चिकनी मन्दिर, कोतवाली चौक, सदरबाजार, सत्ती बाजार, कंकली तालाब, पुरानी बस्ती, लाखे नगर चौक, सुंदर नगर, रायपुरा चौक होकर महादेव घाट विसर्जन कुंड पहुंचीं।



पुरानी बस्ती



श्री महाकाल मित्र मंडल, सदर बाजार





## रोशनी से जगमगा उठा शहर

गणेश विसर्जन के बाद गुरुवार रात झांकियों को देखने रायपुर की सड़कों पर हजारों की भीड़ उमड़ी। शाम 7 बजे के बाद राठौर चौक से जयस्तंभ चौक की सड़कें झांकियों की रोशनी से जगमगा उठीं। पूरी रात डीजे की धुन पर सड़कों पर लोग थिरकते रहे। ज्यादातर समितियों ने राजनांदगांव, दुर्ग, आरंग से झांकियां मंगवाई थी। इस बार स्थानीय लोगों द्वारा बनाई गई झांकियों की संख्या कम रही। दोपहर 3 बजे से राठौर चौक पर झांकियां एकत्र होने शुरू हो चुकी थीं, जो रात 8 बजे विधिवत पूजा के बाद महादेव घाट के लिए रवाना हुईं।



## चलित झांकियों में दिखा महाभारत और रामायण

झांकी देखने वालों की भीड़ सड़कों पर इस कदर थी कि लोगों का सामान्य तरीके से चल पाना भी मुश्किल हो गया। विभिन्न जिलों के साथ दूसरे राज्यों से भव्य झांकियों को देखने लोग पहुंचे हुए थे। झांकियों में गंगा आरती, गणेश जी द्वारा धूमा रूपी राक्षस सेना का भक्षण, वानरों द्वारा बनाया गया रात सेतु और अयोध्या के राम मंदिर के साथ गणेश जी के विभिन्न रूपों ने लोगों का मन मोह लिया। चलित झांकियों में महाभारत और रामायण की कथाएं देखने को मिलीं।



श्री भारती समाज तात्यापारा

## पारंपरिक ढोल और बाजा

डीजे पर प्रतिबंध होने से मनमोहक झांकियों के साथ इस बार समितियों द्वारा ढोल और नंगाडा, दफड़ा बाजा लगाया गया था। 7 बजे से शुरू हुआ डीजे सुबह विसर्जन तक जारी रहा। पूरी रात बाजा की धुन पर लोग झूमते रहे। इस दौरान पारंपरिक ढोल और बाजा पर युवाओं की अधिक भीड़ देखने को मिली। पांपरिक धुन ने लोगों को सड़कों पर नाचने मजबूर कर दिया। समितियों ने झांकी के लिए अलग से बैरिकेडिंग की थी।



बदला ट्रेंड : कुछ वर्ष पूर्व तक लड़कियां तबला वादन से बनाती थी दूरी, नृत्य पाठ्यक्रम में अपेक्षाकृत कम छात्र लेते थे प्रवेश

# लड़कियां तबला वादन में ठोंक रही ताल नृत्य विधाओं में लड़के भी साध रहे कदम

संगीत महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में एक दौर ऐसा भी था, जब छात्राएं सितार वादन के अलावा नृत्य कला में ही रुचि लेती थी। समय के साथ अब सुर व ताल को साधते हुए छात्राएं तबला वादन में खुद को पारंगत करते हुए छात्रों को चुनौती देने लगी हैं। संगीत में समय के साथ अब छात्र भी डिग्री व डिप्लोमा कोर्स करते हुए नृत्य से जुड़ी कथक सहित अन्य विधा में पारंगत होने के लिए पांवों में घुंघरू बांधकर संगत करने लगे हैं। इसे बढ़ते कंपीटिशन में नई चुनौती के साथ ही करियर के लिहाज से भी युवा देख रहे हैं।







**रायपुर।** राजधानी के संगीत महाविद्यालयों में इन दिनों एक नया बदलाव देखने को मिल रहा है। 8 से 10 साल पहले तक जहां मुश्किल से कोई छात्रा तबला वादन के लिए कॉलेज में प्रवेश लेती थी, वहीं करीब 6 साल पहले डिग्री व डिप्लोमा कोर्स शुरू होने के बाद छात्राएं कई चुनौतियों के लिए खुद को तैयार भी करने लगी हैं। तबला वादन विधा में पहले सामान्यतः छात्र ही प्रवेश लेते थे और इसमें पारंगत होने के बाद संगीत की महफिल में सुर व ताल की जुगलबंदी करते नजर आते थे। अब इस क्षेत्र में छात्राएं भी आगे आने लगी हैं। इससे पहले छात्राएं ज्यादातर नृत्य व हारमोनियम, सितार वादन और गायन में ही छात्रों को चुनौती देती नजर आती थी, लेकिन अब वे न केवल तलबा वादन बल्कि गायन के क्षेत्र में छात्रों से आगे भी निकलने लगी है। इसी तरह छात्र भी कथक की विधा सीखने में रुचि लेने लगे हैं।

### सुगम संगीत व सिनेमा में डिमांड

कमला देवी संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य विश्वनाथ सिंह ने बताया कि तबला भारतीय संगीत में प्रयोग होने वाला एक ताल वाद्य यंत्र है, जो एशियाई देशों में ज्यादा प्रचलित है। इसे जमीन पर रखकर बजाने की परंपरा के तहत दायां व बायां कहते हैं। यह ताल वाद्ययंत्र शास्त्रीय संगीत में महत्वपूर्ण है। वर्षों से इसका प्रयोग शास्त्रीय, उप शास्त्रीय गायन वादन में अनिवार्य रूप से होता है। इसके अलावा सुगम संगीत और हिंदी सिनेमा में इसका प्रयोग प्रमुखता से होता है। डिग्री व डिप्लोमा कोर्स से इसे करीब 6 साल पहले जोड़ा गया। महाविद्यालय के 712 विद्यार्थियों में अभी 93 छात्र और 12 छात्राएं इस विधा में खुद को पारंगत कर रहे हैं। गायन में छात्र जहां 142 हैं, वहीं छात्राएं 174 है। कथक में 157 छात्राओं के साथ 7 छात्र भी इसे सीख रहे हैं।

### नृत्यांगना ही नहीं तलबा वादक भी

श्रीराम संगीत महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजश्री नामदेव ने बताया कि कॉलेज में सभी विधाओं में मिलाकर 224 विद्यार्थी हैं। इनमें गायन में 37 छात्र हैं तो 28 छात्राएं भी हैं। इसी तरह तबला वादन की विधा में पहले छात्र ही प्रवेश लेते थे। अभी दो छात्राओं ने भी प्रवेश लिया है। तबला वादन के लिए 8 से 10 साल पहले तक ज्यादातर छात्र ही प्रवेश लेते थे। छात्राएं नृत्य की विभिन्न विधाओं में खुद को पारंगत करती थी। अब कई तरह के बदलाव देखने को मिलने लगे हैं। जिन छात्राओं ने तबला वादन, गायन में प्रवेश लिया है, वे छात्रों से बेहतर करने का प्रयास भी कर रही हैं। पहले वे सिर्फ नृत्यांगना बनना पसंद करती थी, लेकिन अब हर विधा सीख रही हैं।

### कथक सीखने में छात्रों का रूझान

संगीत के गुरुओं ने बताया कि जिस तरह से गायन के लिए सात सुरों को साधना पड़ता है, उसी तरह वादन में ताल महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कथक के बारे में बताया कि यह आठ प्रमुख भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों में एक है, जो उत्तरप्रदेश से आती है। इसकी उत्पत्ति प्राचीन उत्तर भारतीय कवियों से जुड़ी है, जिन्हें कथाकार या कहानीकार कहा जाता है। नृत्य की इस विधा में कथा या कहानी के भावों को नृत्य की भाव-भंगिमाओं के साथ लोगों के सामने प्रस्तुत किया जाता है। नृत्य की इस विधा से अब रायपुर के छात्रों का भी लगाव बढ़ने लगा है। वे इसे कॅरियर के लिहाज से भी सीखने कॉलेज आते हैं।

## सिटी इवेंट

### यंग डिजाइनर्स जानेंगे, कैसे दूर कर सकते हैं वास्तु दोष



**रायपुर।** आईआईआईडी अर्थात इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इंटीरियर डिजाइनर्स की रायपुर सेंटर की कमेटी प्रदेश में पहली बार यंग डिजाइनर्स फेस्टिवल का आयोजन करने जा रही है। यह 21 सितंबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे के बीच जोरा स्थित एक निजी होटल में होगा। इसमें प्रदेश के 400 युवा इंटीरियर डिजाइनर्स को अवसर देने की तैयारी थी, लेकिन 500 से ज्यादा युवाओं ने शिरकत करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। इसमें गुजरात और बेंगलुरू से आने वाले एक्टपर्ट प्रेजेंटेशन भी देंगे। इसका फायदा यंग डिजाइनर्स को मिलेगा। वे वास्तु दोष का निराकरण किस प्रकार से कर सकते हैं, इसके बारे में भी विशेषज्ञों द्वारा युवाओं को जानकारी दी जाएगी। आईआईआईडी के अध्यक्ष अतुल देशपांडेय ने गुरुवार को यह जानकारी पत्रकार वार्ता में दी।

#### देशभर से आएंगे इंटीरियर डिजाइनर्स

एक दिन के इस यूथ फेस्टिवल में 150 से अधिक आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिजाइनर्स और ट्रेड मेंबर्स शामिल होंगे। फेस्टिवल में पैनल डिस्कशन, वर्कशॉप, फन गेम्स, एक्टिविटी, कल्चरल प्रोग्राम होंगे। वहीं शाम को गुजरात के प्रसिद्ध डिजाइनर दिपेन गाढ़ा अपने डिजाइन किए हुए कार्यों की प्रस्तुति देंगे। पैनल डिस्कशन में बेंगलुरू की आर्किटेक्ट प्रियंका ठक्कर अपना अनुभव साझा करेंगी। पहली बार हो रहे इस कार्यक्रम को लेकर यूथ व इस प्रोफेशन से जुड़े लोगों से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। अभी तक तय सीट से 30 फीसदी ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

## समाज इवेंट

### आयुर्वेद व पंचकर्म सेहत के लिए बेहतर, इलाज का बनाएं हिस्सा



**रायपुर।** आयुर्वेद की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 'संकल्पम' का आयोजन पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ समेत देश के विभिन्न राज्यों के आयुर्वेद छात्रों एवं चिकित्सकों ने भाग लिया।आयुर्सांनिध्य क्लिनिकल एजूकेशनल एंड रिसर्च फाउंडेशन द्वारा यह आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आयुष विवि के कुलपति डॉ.पीके पात्रा रहे। आयुर्वेद कॉलेज के छात्रों ने पोस्टर, स्केच, रील मेकिंग जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य विषय भी आयुर्वेद ही रहा।

#### नाड़ी विज्ञान में कई रोगों का समाधान

वैद्य चंद्रकुमार देशमुख द्वारा अग्नि कर्म एवं विद्ध कर्म के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई। वैद्य संजय भोई द्वारा चरक एवं सुश्रुत संहिता को क्लिनिकल प्रैक्टिस में कैसे लाया जाए, इस पर विस्तृत चर्चा हुई। वैद्य प्रज्ञान त्रिपाठी द्वारा नाड़ी विज्ञान पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि नाड़ी विज्ञान में कई रोगों का समाधान है। अनुज जैन ने एविडेंस बेस्ड इमर्जेंसी मैनेजमेंट इन आयुर्वेद पर विस्तृत चर्चा की। आयुर्वेद की जनरल ओपीडी, ज्वॉइंट डिसऑर्डर सहित अन्य बिंदुओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। आयुर्वेद को जन-जन तक कैसे पहुंचाया जा सकता है, इस पर विशेषज्ञों ने अपनी बात रखी।

## कैंपस इवेंट

### वायरल से बचने बाहर के खाने से परहेज करें छात्र



**रायपुर।** एक-दूसरे के संपर्क में आने से वायरस फैलता है, इसलिए हमेशा अपना अलग रुमाल रखें। छींक या खांसी आए, तो अपनी कोहनी का इस्तेमाल करें। थोड़ी-थोड़ी देर में अपने हाथ धोएं और ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। संत ज्ञानेश्वर स्कूल में 'वायरल, सर्दी, खांसी बुखार से कैसे बचें' विषय पर आयोजित कार्यशाला में डॉ. शिल्पा भार्गव ने बच्चों को इसी तरह की कई सीख दी। चिकित्सक ने बच्चों से कहा कि हरी सब्जियों का सेवन करें। हल्दी वाला दूध पिएं और ठंडी में स्वेटर और मोजे पहनें।

#### लगवाएं सभी तरह की वैक्सीन

सर्दी और खांसी से बचने के घरेलू उपचार के अंतर्गत शहद, तुलसी और अदरक का सेवन करें। वैक्सीन टाइम पर जरूर लगवाएं। सबसे अहम बात कि बाहर के खाने का सेवन न करें। सेंटौर फार्मास्यूटिकल के सुनील देशमुख ने बच्चों को सीख देते हुए कहा कि हमेशा अपनी आंख, कान खुले रखें, क्योंकि हमें अपनी आस-पास की चीजों से ही सीखने मिलता है। अगर कोई हमें ज्ञान की बात बता रहा है, तो उसे समझने की कोशिश करनी है और उसका अनुभव लेना है। स्कूल के प्राचार्य मनीष गोवर्धन सहित स्कूल के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

## स्टॉफ नर्स, टेक्नीशियन, वार्ड ब्वॉय सहित 650 पदों पर होगी भर्ती, इसी वर्ष शुरु होंगे आवेदन

**रायपुर।** स्वास्थ्य विभाग में बड़ी संख्या में भर्ती होने जा रही है। छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग द्वारा इसे अनुमति प्रदान कर दी गई है। अब स्वास्थ्य विभाग में 650 पदों पर भर्ती की जाएगी। हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इन पदों के लिए भर्ती परीक्षा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित की जाएगी अथवा पीएससी या व्यापम को इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी। फिलहाल केवल रिक्त पदों में भर्ती के लिए अनुमति मिली है। सूत्रों के अनुसार, सारी प्रक्रियाएं पूर्ण होने और परीक्षा एजेंसी तय हो जाने के बाद इस वर्ष ही आवेदन प्रारंभ हो जाएंगे। इन पदों के लिए आवश्यक योग्यता सहित अन्य जानकारियां भी आवेदन तिथि प्रारंभ होने के बाद साझा कर दी जाएगी।



राज्य शासन का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ एवं बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पतालों में उन्नत चिकित्सकीय उपकरण के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती भी की जा रही है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि वित्त विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग को स्टॉफ नर्स, टेक्नीशियन, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, ड्रेसर, वार्ड व्वाय, वार्ड आया आदि के 650 पदों पर भर्ती के लिए अनुमति प्रदान की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मी भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर उक्त पदों की भर्ती की जाएगी।

**सर्वाधिक 225 पद स्टाफ नर्स के :** स्टाफ नर्स के 225, सायकेट्रिक नर्स के 5, ओटी टेक्नीशियन के 15, डेंटल टेक्नीशियन के 5, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष एवं महिला के 100-100, सहायक ग्रेड-3 एवं फार्मासिस्ट ग्रेड-2 के 25-25, ड्रेसर ग्रेड-1 के 50 तथा वार्ड व्वॉय एवं वार्ड आया के 50-50 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### स्थायी मेरिट लिस्ट जारी : 10वीं में 14 और 12वीं में 3 नए नाम जुड़े



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन के परीक्षा परिणाम जारी किए जाने के बाद दोनों ही कक्षाओं की स्थायी मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। दोनों ही कक्षाओं की मेरिट लिस्ट में नए नाम जुड़े हैं। पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन के बाद अंकों में हुई वृद्धि के फलस्वरूप कई विद्यार्थियों के अंकों में वृद्धि हुई है। इसके चलते दसवीं में 14 तथा बारहवीं में 3 अन्य नाम मेरिट लिस्ट में जुड़ गए हैं। इसके बाद अब 10वीं के टॉप-10 में शामिल छात्रों की संख्या 73 हो गई है तथा बारहवीं में मेरिट सूची वाले छात्रों की संख्या 20 से बढ़कर 23 हो गई है।

## स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने जारी की शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची, एनआईटी के 15 प्रोफेसर

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 15 प्रोफेसरों ने रिसर्च, इनोवेटिव आइडिया के बल पर दुनिया भर में अपना परचम लहराया है। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से जारी की गई दुनिया के शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में एनआईटी रायपुर के 15 प्रोफेसरों को शामिल किया गया है। कैलिफोर्निया स्थित स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा एल्सेवियर आईसीएसआर लैब के माध्यम से विभिन्न मापदंडों व सूचकों को ध्यान में रखते हुए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, रिसर्च और इनोवेशन के आधार पर ये सूची तैयार की गई है। विवि द्वारा ऑथर डेटाबेस, को-ऑथरशिप सहित अन्य मानकीकृत सूचना की मदद से प्रतिवर्ष विश्व के शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिकों की सूची जारी की जाती है। बीते वर्ष इस सूची में एनआईटी रायपुर के 13 प्रोफेसर्स शामिल थे।



#### इन प्राध्यापकों को मिली जगह

इस बार सूची में संस्थान के बायोटेक्नोलॉजी विभाग से डॉ.अवनीश कुमार, डॉ.प्रतिमा गुप्ता और डॉ.लता बच्चन, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग से डॉ.प्रदीप सिंह और डॉ.दिलीप सिंह, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से डॉ.अनामिका यादव, डॉ.सचिन जैन व डॉ.रंजन कुमार, इंफर्मेशन टेक्नोलॉजी से डॉ.गोविंद प्रसाद गुप्ता और डॉ.राकेश त्रिपाठी, मेकेनिकल इंजीनियरिंग से डॉ.प्रेम चौरसिया और डॉ.मोहन प्रधान, मेटलर्जी एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग से डॉ.सुदीप सिन्हा, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग से डॉ.बिकेश सिंह और भौतिकी विज्ञान विभाग से डॉ.आयुष खरे के नाम शामिल हैं।

#### एआई और नेटवर्किंग पर शोध

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इमेज प्रोसेसिंग, नेटवर्किंग सहित कई विषयों पर इन प्राध्यापकों द्वारा शोध कार्य किया गया है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्राध्यापकों ने एनर्जी के क्षेत्र में काम किया है। बायोटेक्नोलॉजी, फार्मसी सहित भौतिकी विज्ञान के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में भी एनआईटी के प्राध्यापकों ने रिसर्च किए हैं।

लोकगायकों की भी परफॉर्मेंस, खेले गए ग्रामीण अंचल में प्रचलित खेल

## परंपराएं जीवित रखने छत्तीसगढ़ी परिधान में पहुंची साहू महिलाएं, तीज उत्सव में सांस्कृतिक स्पर्धाएं

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन रायपुर टिकरापारा स्थित भामाशाह साहू छात्रावास भवन में हुआ। यहां मुख्य रूप से खेलकूद सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लोक गायिका आरू साहू ने भी प्रस्तुति दी। इन खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हिस्सा बनी महिलाएं परंपरागत रुप से छत्तीसगढ़ी परिधानों में ही पहुंची। अपनी परंपराएं कायम रखने के लिए उनके द्वारा यह प्रयोग किया गया। परिधानों के साथ महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी गहने भी धारण किए।





#### बच्चियों को मिले उच्च शिक्षा

तैलिक महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष आभा साहू, पूर्व मंत्री रामशिला साहू, प्रदेशाध्यक्ष हीरो टहल सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रदेश संयोजिका शीलू साहू ने कहा, हमारा मूल उद्देश्य महिलाओं को आगे लाना है, जिससे हमारी बच्चियों को उच्च शिक्षा मिले और हर क्षेत्र में हमारा समाज अग्रणी रहे। भुवनेश्वर, हनुमंत, चित्रलेखा, अंजनी, प्रभा सहित अन्य समाज सदस्य उपस्थित रहे।

#### छत्तीसगढ़ी व्यंजनों में पोषण की पर्याप्त मात्रा

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत डिग्री गर्ल्स कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 'पढ़ाई भी पोषण भी' विषय पर ये आयोजन हो रहे हैं। 18 से लेकर 20 सितंबर तक तीन दिवसीय पारंपरिक व्यंजन कार्यशाला का आयोजन इतिहास, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। प्रथम दिन छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का प्रशिक्षण महाविद्यालय के इतिहास विभाग की प्राध्यापक डॉ.सरिता दुबे द्वारा दिया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.अभया जोगलेकर ने कार्यशाला का उद्देश्य बताते हुए कहा कि नई पीढ़ी को भारतीय परंपरागत व्यंजनों की जानकारी होना जरूरी है। प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ नंदा गुरवारा ने पोषण के महत्व को बताया। छात्राओं को चावल के चीला, फरा एवं चौसेला के विषय में आधारभूत जानकारी प्रदान की गई। छात्राओं को छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के मूल स्वरूप से परिचित कराने की कोशिश की गई। विभिन्न विभागों की 150 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। व्यंजनों से मिलने वाले पौष्टिक तत्वों की जानकारी भी छात्राओं को दी गई।



## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर वुमेंस क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की जीत



**रायपुर।** पुदुच्चेरी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सीनियर वुमेंस मल्टी स्टेट टी-20 क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन 18 सिंतबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच गुरुवार को पुदुच्चेरी में पुदुच्चेरी सीनियर टीम के विरुद्ध खेला गया। पुदुच्चेरी सीनीयर वुमेंस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 2 विकेट खोकर 169 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से कृति गुप्ता ने 10 चौकों की मदद से 43 गेंदों में सर्वाधिक 61 रन नाबाद बनाए। साथ ही ऐश्वर्या सिंह तथा सृष्टि शर्मा ने क्रमशः 40 तथा 41 रन बनाकर छत्तीसगढ की अच्छी शुरुवात की। पुदुच्चेरी की ओर से सोनल पाटिल तथा यशी पांडेय ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुदुच्चेरी सीनियर वुमेंस की टीम 18.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 71 रन ही बना सकी। पुदुच्चेरी की ओर से सोनल पाटिल ने सर्वाधिक 23 रनों योगदान दिया। वही छत्तीसगढ़ की ओर से सलोनी डोंगरे ने 3 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने 98 रनो से मैच जीत लिया।

### चुने गए सॉफ्ट टेनिस के खिलाड़ी



**रायपुर।** मायाराम सुरजन शासकीय कन्या शाला चौबे कालोनी रायपुर के टेनिस कोर्ट में साफ्ट टेनिस शालेय क्षेत्रीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें धमतरी महासमुंद बलोदाबाजार रायपुर के 90 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसका उदघाटन संस्था की प्राचार्या भावना तिवारी ने किया। जिसमें खिलाड़ियों का चयन किया गया। इनमें 14 वर्ष बालिका टीम में प्रियांशी रेड्डी, राधिका पांडे, नंदिनी साहू,प्रेरणा फरिकार,संजना फरिकार सभी रायपुर,14 वर्ष बालक में अमोल अग्रवाल, युवराज शर्मा, तनमय गोयल, अथर्व अग्रवाल सभी रायपुर, रुपेश कुमार धमतरी,17 वर्ष बालिका में रिया सोनकर,यामिनी निषाद,बरखा रानी गौड़,अंजली सिन्हा,वंशिका रजक सभी रायपुर,17 वर्ष बालक में यश कुमार,ओमप्रकाश धमतरी, गुणवीर सिंह आनंद, अभ्युदय,हिमांशु सभी रायपुर,19.वर्ष बालिका में पूर्णिमा फरिकार, चंचल सारथी,आंचल बारेकर,खुशबू बारेकर,रंजना चौहान सभी रायपुर,19 वर्ष बालक अनिकेत गोयल,कियान, सार्थक अग्रवाल,अनिल कुमार बलौदा बाजार और हरिशंकर साहू महासमुंद ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

### अंडर-19 क्रिकेट में उतरेगी बीसीए की टीम



**रायपुर।** सीएससीएस द्वारा आगामी माह मैं आयोजित होने वाली अंडर-19 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की टीम भी भाग लेगी। इसी कड़ी में बीसीए द्वारा 40 खिलाड़ियों का एक 15 दिवसीय कोचिंग कैंप 16 सितंबर से जारी है। इस कोचिंग कैंप के कोच टुमन लाल देवांगन एवं सोमेश्वर राव है। इस कोचिंग कैंप के पश्चात खिलाड़ियों की तीन टीमें बनाई जाएगी जो आपस में मैच खेलेगी। मैच में प्रदर्शन के आधार पर 15 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा जो कि बीसीए का अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगे यह जानकारी बीसीए के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी है।

### जिला पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 22 को

**रायपुर।** वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन



ऑफ छत्तीसगढ़ एवम ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम के तत्वाधान में रायपुर डिस्ट्रिक्ट पावर लि फ्टं ग चैंपियनशिप का आयोजन लाखे नगर चौक रायपुर में 22 सितंबर को किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि स्ट्रांग मैन को 3100 रुपए, वूमेन को 2500, स्ट्रांग मैन जूनियर को 2100, सब जूनियर को 1100 रुपए नगद पुरस्कार के साथ आकर्षक मेडल और मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह 11 बजे शुरू होगी और शरीर का वजन सुबह 9 बजे लिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी चिरमिरी में 28 एवम 29 सितंबर को आयोजित पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। चयनित खिलाड़ी को पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से एक तरफ का यात्रा भत्ता दिया जाएगा।

---

एक गंभीर खतरे के रूप में उभर रहा स्ट्रोक, 30 से कम उम्र के लोग हो रहे शिकार

# युवाओं में बढ़ रहे हैं स्ट्रोक के मामले, इन लक्षणों की समय पर हो जाए पहचान, बच सकती है जान

दुनियाभर में जिन बीमारियों के कारण हर साल सबसे ज्यादा मौतें हो रही हैं उनमें हृदय रोग और स्ट्रोक के मामले सबसे अधिक हैं। स्ट्रोक एक गंभीर खतरे के रूप में उभर रहा है जिसका शिकार 30 से कम उम्र के लोगों को भी देखा जा रहा है। ब्रेन स्ट्रोक एक गंभीर चिकित्सा स्थिति है, किसी कारण से मस्तिष्क में रक्त की आपूर्ति बाधित हो जाने या मस्तिष्क में रक्तस्राव के कारण स्ट्रोक हो सकता है। इसमें मस्तिष्क के कुछ हिस्सों को ऑक्सीजन नहीं मिल पाता जिससे ब्रेन सेल्स डेड होने लग जाती हैं। समय पर उपचार न होने पर इसके जानलेवा दुष्प्रभाव हो सकते हैं। अध्ययनों की रिपोर्ट से पता चलता है कि युवा लोगों में स्ट्रोक के मामले पिछले एक दशक में तेजी से बढ़े हैं। धूम्रपान-शराब पीना, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल को इसका कारण माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, स्ट्रोक से बचाव के लिए लाइफस्टाइल और आहार को ठीक रखना जरूरी है। इसके अलावा स्ट्रोक होने पर समय रहते उपचार प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। आइए जानते हैं कि स्ट्रोक की पहचान कैसे की जा सकती है और इससे बचाव के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए?



### स्ट्रोक से बचाव और पहचान

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम और धूम्रपान-शराब से दूरी बनाकर आप स्ट्रोक के खतरे को कम कर सकते हैं। स्ट्रोक जानलेवा तो है ही, वहीं इससे बचे लोगों में लकवा जैसी समस्याओं का भी खतरा हो सकता है। स्ट्रोक के लक्षणों को जल्दी पहचानना बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि समय पर उपचार मिलने से मस्तिष्क को स्थाई क्षति से बचाया जा सकता है। स्ट्रोक के प्रमुख संकेतों के बारे में जानना और इसकी तुरंत पहचान करना जरूरी हो जाता है।



### अचानक तेज सिरदर्द होना

स्ट्रोक का सबसे पहला संकेत अचानक सिर में तेज दर्द होना माना जाता है। अगर किसी को गंभीर सिरदर्द हो रहा हो जैसे पहले कभी महसूस नहीं किया हो तो अलर्ट हो जाएं। दर्द के साथ अक्सर लोगों को मतली, उल्टी या बेहोशी भी हो सकती है। ये स्ट्रोक का संकेत हो सकता है। ऐसे में तुरंत ब्लड प्रेशर की जांच करें और रोगी को आपातकालीन चिकित्सा प्राप्त कराएं। हाई ब्लड प्रेशर को स्ट्रोक का प्रमुख कारण माना जाता है।

### चेहरे, हाथ-पैर में कमजोरी

स्ट्रोक होने पर चेहरे, हाथ या पैर में कमजोरी या सुन्नता हो सकती है। यदि शरीर के एक हिस्से में अचानक कमजोरी या सुन्नता आ जाए, लकवा मार जाए तो ये भी स्ट्रोक की तरफ इशारा होता है। यह आमतौर पर चेहरे, एक हाथ या एक पैर में हो सकता है, खासकर शरीर के एक ही तरफ। यदि व्यक्ति मुस्कुराने या बोलने की कोशिश करता है और उसका चेहरा एक तरफ झुक जाता है, तो यह भी स्ट्रोक का संकेत हो सकता है।

### संतुलन बिगड़ने की समस्या

स्ट्रोक के कारण चक्कर आना या संतुलन खोना भी सामान्य है। सिरदर्द के साथ अगर अचानक चक्कर आने, शरीर का संतुलन बिगड़ने या चलने में कठिनाई होने जैसी दिक्कतें हो रही हैं तो तुरंत सावधान हो जाना चाहिए। चलते समय गिरना, अचानक पैरों में कमजोरी या लड़खड़ाते हुए चलने जैसे संकेतों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

## अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में नेपाल से गोल्ड जीत कर लौटी जागृति

**रायपुर।** संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन की ओर से नेपाल में आयोजित पावर लिफ्टिंग खेल में रायपुर रोहणीपुरम संतोषी नगर निवासी जागृति शर्मा ने गोल्ड जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। जगृति शर्मा भारतीय स्टेट बैंक संतोषी नागर मे शाखा प्रबंधक है और 9 साल के बेटे की मां होने के वावजूद सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए गोल्ड जीतकर देश और छत्तीसगढ़ राज्य को गौरान्वित किया है। नेपाल के पोखरा मे एक से चार सितंबर तक अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। स्पर्धा मे भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए जगृति शर्मा ने मास्टर कैटेगरी के 76 किग्रा वजन वर्ग मे गोल्ड जीता। जागृति का कहना है खेल के प्रति रुझान बचपन से है। काम और परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में समय निकाल कर हिस्सा लेती हूं।

## सुरक्षा बलों के जवान उतरे मैदान में, फुटबॉल में जमकर दागे गोल

**रायपुर।** सीमांत मुख्यालय (विशेष-संक्रिया) सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) छत्तीसगढ़ इस वर्ष अपना 15वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर आनंद प्रताप सिंह, भा.पु.से., महानिरीक्षक के मार्गदर्शन में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैत्री पार्क फुटबॉल मैदान, मरोदा सेक्टर में रमेश कुमार, उप महानिरीक्षक ने किया। उद्घाटन मैच बीएसपी रेड और बीएसएफ की टीम के मध्य खेला गया जिसको बीएसपी रेड की टीम द्वारा अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच को 4-0 से जीत लिया। एक अन्य मैच में बीएसपी ग्रीन ने मॉर्निंग राइडर रिसाली को 2-0 से हराया।



## करीब का देखने में परेशानी है तो जल्द करवाएं उपचार

प्रेसबायोबिया आंखों से जुड़ी एक बीमारी जिसमें आंखों की करीब वस्तुओं पर फोकस करने की क्षमता कम हो जाती है। प्रेसबायोपिया आंखों से संबंधित एक विकार है। इस शब्द को ग्रीक शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ होता है बूढ़ी आंख, यह एक ऐसी स्थिति होती है जब आपकी धीरे-धीरे चीजों को करीब से स्पष्ट रूप से देखने की क्षमता खो देती है। इस स्थिति में नजदीकी वस्तुओं पर तेजी से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता धीरे-धीरे खत्म हो जाती है। आमतौर पर यह 40 से 45 साल की उम्र में शुरू होती है और समय के साथ बिगड़ती जाती है। यह बाकी उम्र से संबंधित दृष्टि समस्याओं जैसे अंधापन, हाइपरोपिया मायोपिया से अलग है। यह एक प्राकृतिक परिवर्तन है जो लगभग सभी लोगों को प्रभावित करता है। इसको लेकर हमने हेल्थ एक्सपर्ट से बाती है। प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. डीएम भावनानी इस बारे में जानकारी दे रहे हैं।

### प्रेसबायोपिया के लक्षण

छोटी लेखन सामग्री पढ़ने में कठिनाई होती है, खासकर अगर रोशनी बहुत कम है। जब आपको यह बीमारी होती है तो आप अपने स्मार्टफोन या किसी भी किताब, मेनू , लेबल को अधिक स्पष्ट रूप से देखने के लिए अपनी आंखों से दूर रखते हैं। कोई नजदीकी काम करते हैं या कुछ नजदीक रखकर पढ़ते हैं तो इसे सिर में दर्द और आंखों में तनाव होना।

### प्रेसबायोपिया के कारण

आंखों की उम्र बढ़ाने की प्रक्रिया प्रेसबायोपिया की ओर ले जाती है। समय के साथ आंखों का आंतरिक लेंस लचीला नहीं रहता है, जिससे नजदीकी वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। उम्र के साथ लेंस को नियंत्रित करने वाली मांसपेशियां कमजोर हो जाती है। यह अनुवांशिक भी हो सकती है। अगर आपके घर में माता-पिता या दादा- दादी कोप्रेसबायोपिया था तो आपको भी यह स्थिति होने की संभावना ज्यादा रहती है। डायबिटीज,उच्च रक्तचाप और दिल की बीमारी सहित कई स्वास्थ्य स्थितियों में भीप्रेसबायोपिया हो सकता है। आंखों की चोट के कारण भी लेंस को नियंत्रित करने वाले मांसपेशियों को नुकसान पहुंच सकता है,इससे भी प्रेसबायोपिया हो सकता है। प्रेस्बायोपिया सुधार के लिए एक व्यक्ति चार प्रकार के चश्मे का उपयोग कर सकता है,

### पढ़ने के चश्मे

प्रेस्बायोपिया को ठीक करने के सबसे आम तरीकों में से एक चश्मा पढ़ रहा है। इन चश्मों में एक नुस्खा है जो छवि को बड़ा करने में मदद करता है, जिससे छोटे प्रिंट को पढ़ना आसान हो जाता है। स्थिति की गंभीरता के आधार पर पढ़ने के चश्मे को ओवर-द-काउंटर या आंखों के डॉक्टर द्वारा निर्धारित किया जा सकता है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

कृष्णा मोटर्स
VANDE BHARAT THUKRAL
भारत का मजबूत एवं भरोसेमंद ई-रिक्शा
• आसान फायनेंस पर उपलब्ध • न्यूनतम डाऊनपेमेंट में घर ले जाएं
• मिनीमम 100 से 150 किलो. तक माइलेज पाएं
• लो मेंटनेस • चलाने में आसान, प्रदूषण से मुक्ति
• भारत माता चौक, गुढ़ियारी, रायपुर • स्टेशन रोड गुरुद्वारा नीम पेड़ के पास, रायपुर
• करण टेलर्स के पास, गोकुल नगर, रायपुर मो. 9926131523, 9755802331

Furniture'sway
अब डायरेक्ट फैक्ट्री से फर्नीचर बनवाएं
वह भी मार्केट से
10 से 30% कम दाम पर
Register now www.furnituresway.com 9826949400, 9826949402

ॐ साईं कार्पोरेशन
RICHFORD
आकर्षक डील्स पाएं
0% DOWN PAYMENT
देश की सवारी, रिचफोर्ड हमारी
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैट्रेस 6x6 2300/- सिर्फ | प्रोटेक्टर डबल बेड 700/- सिर्फ | सोफा कमबेड बीन बैग | EP फोम गद्दा चैन कव्हर लगा 3x6=400/- |
| मैट्रेस 3x6=1100/- 4x6=1500/- सिर्फ | पुराना गद्दा लाये नया ले जाये | Mattress 30 से 50% लेस | रूई गद्दा 220/- रूई गद्दा 700/- (15 किलो 4x6) रूई गद्दा 4x6=600/- |

संजय रूई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

करन मोटर्स CITYLIF
ई-रिक्शा
बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई-लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
▪ लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
▪ 3 साल की वारंटी (मेंटेनेंस फ्री)
▪ ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ करन मोटर्स पर
एक बार चार्ज होने पर 80-130 किमी. चलती जाएं...
करन मोटर्स • स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर • हिलर्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

INFOROB
DISCOUNT UP TO 70% OFF
ENROLL NOW For 1 week Robotics camp (7th Oct-13th Oct) 499 @ 1999
DURGA PUJA SPECIAL ROBOTICS CAMP
Our Certified Courses 1. AI 2. Robotics 3. Python Programming
New Batch starts from 1st Oct
Inforob Education Pvt. Ltd. D105, First Floor,Priyadarshani Nagar Road, New Rajendra Nagar Raipur, Chhattisgarh
Contact: 8721906433, 70056556145

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
अपने घर का मॉड्युलर किचन बनवाएं
₹55,000 ₹95,000 ₹1,50,000
9977115597, 8319076661
C-4, SECTOR-1, DEVENDRA NAGAR, NEAR CITY CENTER MALL, RAIPUR, 492004
KITCHEN GALAXYNXMODULAR

।। जय जगन्नाथ ।।
ज्योतिष समाधान एवं वास्तु शास्त्री
आचार्य जितेन्द्र मसंद
9200028000, 7770916666
जन्मकुण्डली, वास्तु, वास्तु अनुरूप नक्शा के लिए संपर्क करें
@AcharyaJitendramasand
जगन्नाथ मंदिर के पास, गायत्री नगर, मेन रोड, अंवति विहार, रायपुर (छ.ग.)

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डिडी ने रखा 50 मिलियन डॉलर की जमानत का प्रस्ताव, यौन तस्करी के आरोप में हुई गिरफ्तारी



अमेरिकी रैपर सीन 'डिडी' कॉम्ब्स को मैनहट्टन में गिरफ्तार कर लिया गया था। रैपर पर यौन तस्करी और उत्पीड़न के आरोप लगे हैं। रैपर की गिरफ्तारी उनके खिलाफ चल रही जांच और कई मुकदमों के बीच हुई है। वहीं, अब इस मामले में अब अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रैपर ने अपनी रिहाई के लिए एक संघीय अदालत में 50 मिलियन डॉलर का जमानत पैकेज पेश किया है।

दरअसल, डिडी के वकील मार्क अग्निफिलो ने न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के मजिस्ट्रेट जज रॉबिन एफ. टार्नोफ्स्की को एक पत्र दायर किया, जिसमें अपने मुवक्किल की रिहाई की मांग की गई। उन्होंने रैपर की रिहाई के बदले में 50 मिलियन डॉलर का पैकेज प्रस्तावित किया, जिसमें यह भी शामिल था कि वह जमानत राशि हासिल करने में मदद के लिए अपने मियामी स्थित घर और अपनी मां के घर को जमानत के तौर पर देने को तैयार हैं। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, डिडी ने मियामी के अनन्य स्टार आइलैंड पर अपनी 48 मिलियन डॉलर की हवेली को जमानत के लिए सुरक्षा के रूप में पेश किया है, साथ ही उनकी मां के मियामी घर की कीमत दो मिलियन डॉलर है। इस बांड पर कथित तौर पर डिडी की मां, उनकी बहन, उनकी सबसे बड़ी बेटी की मां और उनके तीन बेटों ने सह-हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही उन्होंने कथित तौर पर कई शर्तों पर भी सहमति जताई है, जिनमें उनकी यात्रा सीमित करना और अधिकारियों द्वारा उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जीपीएस मॉनिटर पहनना शामिल है। प्रस्तावित जमानत पैकेज के बावजूद अमेरिकी अटॉर्नी डेमियन विलियम्स ने रैपर की रिहाई का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि आरोपी भागने का जोखिम और समाज के लिए खतरा दोनों पैदा करता है।

### टॉलीवुड


## भारी भरकम बजट में बनकर तैयार होगी 'स्पिरिट'



तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों में प्रभास की भी गिनती होती है। उनके फैंस की संख्या करोड़ों में है। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म कल्कि 2898 एडी बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई करने में सफल रही थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के जबर्दस्त कलेक्शन के बाद इसे ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया था। इस फिल्म के बाद प्रभास कई बड़े प्रोजेक्ट में नजर आने वाले हैं। उनमें से ही एक संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म स्पिरिट भी है। इस फिल्म में वह एक दमदार पुलिस अफसर की भूमिका में नजर आने वाले हैं। बड़े पर्दे पर प्रभास को वर्दी में देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। प्रभास की इस आगामी फिल्म को लेकर हाल ही में एक बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म को 500 करोड़ के भारी भरकम बजट से तैयार किया जाएगा। हालांकि, इसको लेकर निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। इससे पहले रिलीज हुई संदीप की फिल्म एनिमल भी बड़े बजट में बनकर तैयार हुई थी। वहीं, स्पिरिट की बात करें तो इसका निर्माण वह टी-सीरीज के साथ मिलकर कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार स्पिरिट की शूटिंग जनवरी 2025 में शुरू हो सकती है। प्रभास की आगामी फिल्मों की बात करें तो वह राजा साब नाम की हॉरर कॉमेडी फिल्म और सलार के अगले भाग में भी नजर आने वाले हैं।

### भोजपुरी

## काजल की नई फिल्म 'क्रांतिकारी बहू' का ट्रेलर रिलीज



काजल राघवानी की नई फिल्म 'क्रांतिकारी बहू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है और ये यूट्यूब पर भी छाया हुआ है। इस ट्रेलर को रिलीज हुए तीन दिन ही हुए हैं और इसे फैंस का बहुत प्यार मिल रहा है। यूट्यूब पर इसे अभी 4 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। भोजपुरी फिल्मों को देखने वाले और भोजपुरी गाने सुनने वाले दर्शकों को ट्रेलर बहुत पसंद आया है। लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं और काजल राघवानी पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। इस फिल्म में कास्ट और क्रू पर भी बहुत मेहनत की गई है। फिल्म में प्रशांत सिंह, कंचन मिश्रा, गोपाल चव्हाण, विद्या सिंह, निशा सिंह, बबिता सिंह, प्रेम दुबे, पुष्पेंद्र राय, स्वीटी सिंह, वंदना दुबे और निशा तिवारी हैं। इसके निर्देशक मंजुल ठाकुर भी हैं। काजल राघवानी भोजपुरी फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने 'प्रतिज्ञा 2', 'हुकूमत', 'पटना से पाकिस्तान', 'मुकद्दर', 'मेहंदी लगा के रखना' और 'माई सेहरा बांध के आउंगा' जैसी भोजपुरी फिल्मों में काम किया है। काजल राघवानी को सबसे अधिक फीस पाने वाली भोजपुरी एक्ट्रेसेस में से एक माना जाता है। काजल राघवानी के इंस्टा पर 5.4 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं और वो सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली भोजपुरी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। राघवानी को 2016 में दुबई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय भोजपुरी फिल्म अवार्ड्स (आईबीएफए) में भोजपुरी बेस्ट एक्ट्रेस पीपुल्स च्वाइस अवार्ड मिला था। वो अपनी फिल्मों के जरिए फैंस के दिलों में जगह बनाती हैं।

## लाइफ स्टाइल

### जापान की खुशबू

जापान के फैशन में पारंपरिक और अभिनव शैलियों का मज़बूत और अनूठा मिश्रण देखना आसान है। टोक्यो के जीवंत स्ट्रीट फ़ैशन दृश्य से लेकर क्योटो के हाई-एंड कॉउचर लेबल तक एक अलग प्रभाव छोड़ते हैं। जापानी डिज़ाइनर सीमाओं को लांघकर अनूठा फ़ैशन पेश कर खुद को अभिव्यक्त करते हैं जो देखने में आकर्षक और विचारोत्तेजक दोनों है। जापानी माडल फूलों की पृष्ठभूमि या फिर फूलों की ड्रेस में खूब रंग जमाते हैं।



## चेहरे की डार्कनेस को कम करने के लिए इस्तेमाल करें कॉफी



चेहरे पर डार्कनेस होने की वजह से कालापन नजर आता है। साथ ही, डेड स्किन भी दिखाई देती है। इससे न ही मेकअप के बाद चेहरा अच्छा लगता है, और न किसी भी चीज को अप्लाई करने के बाद। ऐसे में जरूरी है कि आप सही तरीके से चेहरे का ध्यान रखें। चेहरा साफ और सुंदर दिखाई दे। इसके लिए हम अक्सर अलग-अलग तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। कई सारे प्रोडक्ट ऐसे होते हैं, जो हम हमेशा इस्तेमाल करते हैं। लेकिन मौसम के बदलने की वजह से उन प्रोडक्ट का असर भी कम हो जाता है। ऐसे में हमारे जरूरी है कि आप घरेलू नुस्खों को ट्राई करें। इससे चेहरे की डार्कनेस कम हो जाएगी। साथ ही, चेहरा इवन दिखाई देगा। इस नुस्खे को अपने इंस्टाग्राम पर टीवी एक्ट्रेस शीबा आकाशदीप ने शेयर किया है। इसमें उन्होंने कॉफी और दही का इस्तेमाल बताया है।

### चेहरे पर दही लगाने के फायदे

चेहरे को साफ रखने के लिए आप दही का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा को सनटैन, दाग-धब्बे और झुर्रियों की समस्या से बचाता है। ऐसे में स्किन डार्कनेस के लिए आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### चेहरे पर कॉफी लगाने के फायदे

चेहरे के इवन टोन, मुलायम और साफ-सुथरा रखने के लिए आप कॉफी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-एजिंग और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो आपकी त्वचा का ध्यान रखते हैं। इसलिए आप इसका मास्क बनाकर अप्लाई कर सकती हैं।

### इस तरह फेस पर लगाएं दही और कॉफी

इसके लिए आपको एक कटोरी में 1 चम्मच कॉफी पाउडर लेना है।अब इसमें 2 चम्मच दही लेनी है।अब इन दोनों चीजों को मिक्स करना है।फिर अंडर आई एरिया को छोड़कर पूरे फेस पर अप्लाई करना है।हल्के हाथों से फेस की मसाज करें। सर्कुलर मोशन में मसाज करें।फिर 10 से 15 मिनट बाद चेहरे को साफ कर लें।चेहरे को पानी से साफ कर लें।इसे अप्लाई करने से आपके स्किन की ड्राईनेस और डार्कनेस दोनों कम हो जाएगी।

## एनिमल प्रिंट साड़ी को खास तरीके से कीजिए पेयर, लोग देखेंगे मुड़-मुड़ कर




फैशन की दुनिया में हर दिन एक नया रंग, नया प्रिंट और पैटर्न ट्रेंड करने लगता है, मगर कुछ ट्रेंड्स एवरग्रीन बन जाते हैं और एनिमल प्रिंट उन्हीं में से एक है। जब बात आती है फैशन की, तो एनिमल प्रिंट को लगभग हर तरह के एथनिक और वेस्टर्न आउटफिट्स में देखा जा चुका है। महिलाओं के बीच एनिमल प्रिंट बहुत लोकप्रिय भी है और अब इसमें बहुत सारे पैटर्न देखने को मिल रहे हैं। खासतौर पर आपको इस प्रिंट में साड़ी में बेहतरीन विकल्प मिल जाएंगे।



एनिमल प्रिंट आपको बहुत सारे नए-नए पैटर्न में साड़ियां मिल जाएंगी, मगर इन्हें आप जब तक ठीक से स्टाइल नहीं करेंगी, तब तक आपको एक आकर्षक लुक नहीं मिलेगा। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे ब्लाउज डिजाइंस के बारे में बताएंगे, जिन्हें एनिमल साड़ी के साथ्ज्ञ आप क्लब करके पहनेंगी तो मुड़-मुड़ कर लोग आपको निहारेंगे।

### बस्टर ब्लाउज

बस्टर ब्लाउज एक क्लासिक विकल्प है, जो किसी भी साड़ी के साथ अच्छी तरह से मेल खा जाता है। इसकी फिट डिजाइन आपके फिगर को बेहतर तरीके से प्रदर्शित करती है। आप इसे विभिन्न कलर्स और फैब्रिक्स की साड़ी के साथ क्लब कर सकती हैं। खासतौर पर जब आप एनिमल प्रिंट वाली साड़ी के साथ ब्लैक या व्हाइट बस्टर ब्लाउज पहनती हैं, तो आपको एक मॉडर्न अंदाज मिलता है।

### क्रॉप टॉप ब्लाउज

क्रॉप टॉप ब्लाउज एक मॉडर्न और ट्रेंडी विकल्प है। इस तरह के ब्लाउज में आपको बाजार में बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। अगर आप फ्रेश और फैशनेबल लुक पाना चाहती हैं, तो अपनी एनिमल प्रिंट वाली साड़ी के साथ इसे एक बार पेयर अप करके जरूर देखें। एनिमल प्रिंट साड़ी के साथ इसे पहनने पर, आपका लुक और भी ज्यादा स्टाइल नजर आने लगता है।आप इसे हाई वेस्टेड और लो वेस्टेड, दोनों तरह की साड़ी ड्रेपिंग के साथ पहन सकती हैं। इससे आपकी फिगर और भी अच्छी लगेगी। क्रॉप टॉप में आपको कई तरह के डिजाइन और पैटर्न मिलेंगे, जैसे कि ऑफ-शोल्डर, स्लीवलेस या पॉन स्लीव, एक अच्छा विकल्प मिल जाएगा।

## बालों का झड़ना रोकने के लिए नारियल तेल के साथ मिलाकर लगाएं फिटकरी



लंबे और घने बाल हम सभी को पसंद होते हैं। इसी वजह से हम कई बार महंगे ट्रीटमेंट लेने के लिए भी तैयार हो जाते हैं। लेकिन जो भी प्रोडक्ट ट्रीटमेंट के दौरान इस्तेमाल किया जाता है। उसका असर बस कुछ ही दिनों के लिए बालों में नजर आता है। इसके बाद बालों को पोषण कम होने लगता है। ऐसे में आप एक्सपर्ट की राय लेकर बालों को झड़ने से रोकने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल करें। फिटकरी सिर्फ स्किन के लिए ही नहीं बल्कि बालों के लिए भी इस्तेमाल की जाती है। आप भी इसे ट्राई कर सकती हैं। इसको कैसे लगाना है इसके बारे में डॉक्टर स्वाति ने हमारे साथ चीजों को शेयर किया। आपको बता दें कि यह एक डर्मेटोलॉजिस्ट हैं। चलिए आपको भी बताते हैं फिटकरी को कैसे अप्लाई करें ताकि बाल झड़ने कम हो जाएं।


### फिटकरी के साथ नारियल तेल को बालों में लगाने के फायदे

नारियल तेल का इस्तेमाल अक्सर हम बालों में करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यह हमारे बालों को हेल्दी रखता है। इसमें फैटी एसिड पाया जाता है, जिससे बालों की चमक लंबे समय तक बनी रहती है। इसे स्कैल्प में अप्लाई करने से बाल मजबूत होते हैं। वहीं फिटकरी के इस्तेमाल से बालों का झड़ना कम होता है। इसमें इसमें एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं। इससे बालों को मजबूती मिलती है। इन दोनों चीजों को साथ में लगाने से बालों के झड़ने की समस्या कम हो जाती है।

### फिटकरी लगाने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

बालों में फिटकरी लगाने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।बालों के टेक्सचर का ध्यान रखकर ही इन दोनों के मिश्रण को अप्लाई करें।फिटकरी और नारियल तेल को रातभर बालों में लगाकर न रखें।

## आपके श्रृंगार को परफेक्ट लुक देंगे पासा के ये लेटेस्ट डिजाइंस, यूं करें स्टाइल



एक वक्त था जब रानियों के ज्वेलरी में पासा भी शामिल होता था। यह उस वक्त उनके ऐश्वर्य और रॉयल्टी का प्रतीक था। समय के साथ, यह प्राचीन कपड़े और ज्वेलरी के साथ जुड़ा हुआ यह आइटम आज भी फैशन की दुनिया में अपनी खास जगह बनाए हुए है। आज भी कई महिलाएं ऐसी हैं जो ट्रेडिशनल आउटफिट्स के साथ पासा पहनना पसंद करती है।

**पर्ल पासा डिजाइन:** यह पासा हमेशा ट्रेंड में बना रहता है, क्योंकि इसे मोतियों के साथ डिजाइन किया जाता है। खास बात यह है कि इसके मोती कभी पुराने नहीं होते और हमेशा चमकते रहते हैं। हालांकि, इसमें आपको सोने और चांदी के साथ मोतियों के डिजाइन भी मिलेंगे। यह पासा बेहद एलीगेंट और क्लासी लगते हैं, जिसे हल्के मेकअप और सॉफ्ट हेयरस्टाइल के साथ पेयर करें। अगर आपकी ड्रेस गोल्डन या ऑफ व्हाइट है, तो पर्ल पासा का चुनाव एकदम सही रहेगा।

**कुंदन पासा डिजाइन:** मार्केट में कुंदन वर्क वाली ज्वेलरी की डिमांड हमेशा बनी रहती है। यह पासा न सिर्फ दिखने में अच्छा लगता है, बल्कि वियर करने के बाद भी क्लासी लुक देता है। इसे किसी भी ट्रेडिशनल ड्रेस के साथ स्टाइल किया जा सकता है। वहीं, अगर आप चाहें तो कुंदन पासा को आप हैवी लहंगा, साड़ी या शरारा के साथ पहन सकती हैं। इसे सिंपल मांग टीका या माथा पट्टी के साथ पेयर करें और बालों को साइड से खुला रखें।

**मीनाकारी पासा डिजाइन:** मीनाकारी के रंग-बिरंगे डिज़ाइन्स हमेशा क्लासी लुक देने का काम करते हैं। इन डिजाइन्स में आपको लाल, हरा, नीला जैसे रंगों का खूबसूरत मेल मिलेगा। यह सारे डिजाइन किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट को और भी खास बना देता है।

### कार्नर न्यूज

### आधुनिक पुरुषों के लिए यह जीवंत दौर, फैशन के नए ट्रेंड आ रहे नजर

## साल 2024 है पुरुषों के कपड़ों में क्रांति का, स्टाइल में नजर आ रही है विविधता

*साल 2024 में पुरुषों के कपड़ों में क्रांति आ रही है। जिसमें पारंपरिक मर्दानगी को चुनौती दी जा रही है और स्टाइल की विविधता को अपनाया जा रहा है। एक तरह से यह आधुनिक पुरुषों के लिए एक जीवंत युग है, जो वर्तमान में मजबूती से जड़ जमाए हुए है। इस साल पुरुषों के फैशन में कुछ हद तक 80 के दशक की प्रेरणा नजर आती हैं।*



### वहीं कुछ महिलाओं के परिधानों का भी असर दिखता है

इस साल पुरुषों की सुंदरता को नए सिरे से परिभाषित करने अलंकृत शर्ट्स ज्यादा चलन में है। पूर्णता के साथ तैयार किया गया इसका हर हिस्सा आधुनिक स्वभाव का स्पर्श लिए हुए है। चाहे स्लीक लुक के लिए टेलर किए गए ट्राउजर के साथ जोड़ा जाए या कैजुअल परिष्कार के लिए डेनिम के साथ, ये शर्ट न्यूनतम प्रयास के साथ एक स्टेटमेंट बनाते हैं।

### पूरी तरह काले कपड़ों में वापसी

काला रंग कभी दूर नहीं रहा, लेकिन 2024 में यह आपकी अपेक्षा से कहीं ज़्यादा बड़े पैमाने पर अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। कई सीज़न तक चटक रंगों में बिताने के बाद, जो थोड़े थकाऊ हो सकते हैं, फैशन का पेंडुलम राहत की सांस के साथ वापस लौट रहा है और उदास रंगों की ओर बढ़ रहा है।

### स्टेटमेंट एक्सेसरी के लिए कमर कस लें

बेल्ट आज पुरुषों के लिए सिर्फ़ एक व्यावहारिक उपकरण से कहीं ज़्यादा हैं। बेल्ट अब एक ऐसा फैशन स्टेटमेंट हैं, जो स्टैंडआउट ज्वेलरी पहनने जैसा है। कल्पना करें कि एक सफ़ेद शर्ट और गहरे रंग की जींस के साथ सिल्वर स्टड वाली एक स्लीक ब्लैक बेल्ट- एक ऐसा लुक जो कल्पना की जा सकती है।

